सुविचार
तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है।
-रामधारी सिंह 'दिनकर'

Daily
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज़ Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 23 June 2025 ● Year : 03 ● Issue : 158 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Shreya Ghoshal Songs For...

SARAFA

सोना	:	9,415
चांदी	:	120.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

अमृतसर में आईएसआई के दो जासूस अरेस्ट

CHANDIGARH : पंजाब पुलिस ने अमृतसर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के दो जासूसों गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी और साहिल मसीह उर्फ शाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस कई दिनों से इन पर नजर रखे हुए थी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के एजेंटों के सीधे संपर्क में था और वह पेन ड्राइव के जरिए गोपनीय और संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। इस मामले में मुख्य आईएसआई हैंडलर की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है। पकड़े गए दोनों आरोपित जावेद राणा को ही जानकारियां मुहैया करवाते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं, जिनका इस्तेमाल आईएसआई हैंडलरों से बातचीत के लिए किया जा रहा था। फिलहाल उनके फोन फोरेंसिक जांच और साइबर जांच के लिए भेजे गए हैं, ताकि उनमें से गोपनीय जानकारियां हासिल की जा सकें। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

तकनीकी खराबी के कारण इंडिगो की फ्लाइट रद्द

CHANDIGARH : रविवार को चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां इंडिगो के विमान में खराबी होने के कारण अंतिम समय में चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया। तकनीकी खराबी के बारे में उस समय पता चला जब यात्री विमान में सवार हो चुके थे और विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था। शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इंडिगो की फ्लाइट 6ई 146 को टेक ऑफ से पहले रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार यह फ्लाइट चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली थी। टेक ऑफ से पहले तकनीकी खराबी के चलते फ्लाइट को रोक दिया गया और इसे रद्द कर दिया गया। उड़ान से पहले पायलट ने फ्लाइट में किसी समस्या की पहचान की। एहतियातन सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया। विमान ने उड़ान नहीं भरी और उसे रनवे पर चढ? से पहले ही रोक दिया गया। इसके बाद यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों से भेजा गया और उन्हें विमान कंपनी की तरफ से टिकट का पूरी राशि भी लौटाई गई।

बीजापुर में मारे गए नक्सली की हुई पहचान

BIJAPUR : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में बीते दिनों नक्सलियों और सुरक्षा बलों में जबरदस्त मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान मारे गए नक्सली में एक पुरुष व महिला भी थीं। इसमें रविवार को पुरुष नक्सली की पहचान हो गई है। इसमें से एक पुरुष नक्सली की शिनाख्त महेश कोडियम निवासी ग्राम इरपागुट्टा थाना फरसेगढ़ के रूप में की गई है। वह नेशनल पार्क क्षेत्र का नक्सली संगठन का सदस्य था। इसके साथ ही महेश कोडियम ग्राम इरपागुट्टा के प्राथमिक विद्यालय में रसोई सहायक के रूप में कार्यरत था।

दोपहर बाद बदला मौसम का मूड और शुरू हो गई झमाझम बारिश

रांची, गोड्डा और जामताड़ा सहित कई जिलों में जमकर बरसा पानी, उमस वाली गर्मी से मिली राहत

रांची में 22 जून तक सबसे अधिक 412 एमएम बारिश की गई है रिकॉर्ड, दूसरे नंबर पर लातेहार जिला

PHOTON NEWS RANCHI : 17 जून को झारखंड में मानसून की एंट्री के बाद तीन दिनों तक जमकर बारिश हुई। फिर दो दिनों के विराम के बाद रविवार यानी 22 जून को राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में दोपहर के बाद जमकर बारिश हुई। रविवार को सुबह से बादलों के बीच धूप निकली रही थी। उमस वाली गर्मी थी। इसी बीच दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में बादल छा गए। इसके साथ ही झमाझम बारिश होने लगी। इससे तेज धूप और उमस से लोगों को राहत मिली। वहीं सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि बारिश ने इस बार रिकार्ड तोड़ दिया है। सामान्य तौर पर 22 जून तक 112.1 एमएम बारिश होनी चाहिए थी। लेकिन मौसम विभाग के जारी आंकड़ों पर नजर डाले तो 22 जून तक की अवधि में 231.2 एमएम बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 106 परसेंट अधिक है।

24-25 जून को भी होगी वर्षा, चेतावनी जारी

रांची समेत 10 जिलों के लिए जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

रांची के अलावा संथाल परगना के गोड्डा और जामताड़ा सहित राज्य के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। इस दौरान तेज गर्जन भी हुआ। रांची समेत 10 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की गई है। आईएमडी ने पाकुड़, साहिबगंज, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, रामगढ़ और रांची के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 24 जून को हजारीबाग, रांची, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला और खूंटी जिला में भारी बारिश की चेतावनी दी है। 25 को भी रांची सहित रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना जताई है।

राजधानी में सामान्य से 291 प्रतिशत अधिक वर्षा

विभाग के अनुसार, राजधानी रांची में सामान्य से 291 प्रतिशत अधिक, सरायकेला-खरसावां में सामान्य से 216 प्रतिशत अधिक, लोहरदगा में 261, खूंटी में 133, गुमल में 145, चतरा में 118, पूर्वी सिंहभूम में 106, पलामू में 231, रामगढ़ में 190, पश्चिमी सिंहभूम में 133, सिमडेगा में 154 मिमी अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं इस दौरान झारखंड में औसत सामान्य से 126 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश हजारीबाग के बड़कागांव में 85 मिमी रिकॉर्ड की गई। इधर, मौसम विभाग के पूवानुर्मान के अनुसार, 24 जून तक पूरे झारखंड में झमाझम बारिश होने वाली है।

फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर बरसाए गए बम, दावा- अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से कर दी गई तबाह

अमेरिका का ईरान के 3 एटमी केंद्रों पर अटैक

जंग का 10वां दिन

हमले के बाद ट्रंप ने कहा- अगर अब भी ईरान शांति कायम नहीं करता है, तो होंगे और बड़े हमले

जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजरायल पर 35 मिसाइलों से एक साथ कई शहरों पर किया हमला

NEW DELHI @ PTI : भारतीय समय के अनुसार, रविवार को सुबह 4:30 बजे अमेरिका ने ईरान के तीन तीन परमाणु केंद्रों पर बमों से हमला कर दिया। ये केंद्र हैं- फोर्डो, नतांज और इस्फहान। हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। दूसरी ओर अमेरिका के अटैक के जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उन्होंने इजरायल पर सबसे बड़ा अटैक किया है और 14 अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। टाइम्स ऑफ इजराइल टाइम्स के मुताबिक, हाइफा और तेल अवीव के मिलिट्री और रिहाइशी ठिकानों पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। इजरायल में अब तक 86 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। ईरान के सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि ईरान ने पहली बार अपनी सबसे एडवांस मिसाइल खैबर को इजरायल पर दागा है। खैबर का दूसरा नाम खोर्रमशहर-4 भी है। इधर, ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन डीसी समेत अमेरिका के कई बड़े शहरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

अमेरिका ने 125 से ज्यादा जेट्स का किया इस्तेमाल

अमेरिका में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ चीफ जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा विमान शामिल थे। इसमें 7 स्टील्थ बी-2 बॉम्बर्स शामिल हुए। बी-2 बॉम्बर्स ने इन विमानों ने ईरान की फोर्डो और नतांज परमाणु साइटों पर करीब 1400 किलो के भारी बम गिराए। वहीं, इस्फहान पर टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। जनरल केन ने बताया कि इस मिशन में धोखे की रणनीति भी अपनाई गई। कुछ बमवर्षक विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया, ताकि ईरान को लगे कि हमला उधर से होगा, जबकि असली हमला दूसरी दिशा से किया गया। यह मिशन मिसौरी से शुरू हुआ और 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद से सबसे लंबा बी-2 मिशन था।

पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की बात

ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की है। इसकी जानकारी पीएम ने 'एक्स' पर दी। पीएम ने लिखा मैंने ईरान के राष्ट्रपति से बात की। हमने मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और तनाव बढ़ने को लेकर गहरी चिंता जताई। मैंने तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली की जरूरत पर जोर दिया।

हमले से पहले यूरेनियम दूसरी जगह शिफ्ट

ईरान ने अमेरिकी हमले से पहले ही फोर्डो न्यूक्लियर फैसिलिटी में मौजूद ज्यादातर यूरेनियम को किसी और जगह पर शिफ्ट कर दिया था। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। ईरान सरकार ने इजरायल के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए यह कदम उठाया। हालांकि, स्रोत ने यह नहीं बताया कि यूरेनियम को कहां ले जाया गया है।

ईरान में 13 जून से अब तक 657 व इजरायल में 24 मौतें

इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का रविवार को 10वां दिन था। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

खुलासा : आतंकियों को पनाह देने वाले 2 गिरफ्तार, आरोपियों ने बताया

पाक नागरिक थे पहलगाम हमले में शामिल आतंकी

AGENCY SRINAGAR : पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े हुए थे। एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थी।

प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे आतंकवादी

अटैक में 26 पर्यटकों की चली गई थी जान

22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुनकर निशाना बनाया था। घटना पहलगाम शहर से 6 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में हुई थी। हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने 3 स्केच जारी किए। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई। मूसा और अली पाकिस्तानी हैं। मूसा पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप में कमांडो रह चुका है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया को दी चेतावनी, कहा- कैंसिल कर देंगे लाइसेंस

NEW DELHI : डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। इससे पहले शनिवार को डीजीसीए के आदेश पर एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 275 लोग मारे गए थे। डीजीसीए ने देश की पूरी एविएशन प्रणाली की 360 डिग्री स्कैनिंग का फैसला किया है। अब एक विशेष कॉम्प्रिहेंसिव स्पेशल ऑडिट होगा।

हाई स्पीड कार ने रांची के नामकुम में तीन लोगों की छीन ली जिंदगी

- मृतकों में सिविल कोर्ट के पेशकार व धनबाद के एक शिक्षक शामिल कार चालक की भी मौत
- एक पैदल चलते व्यक्ति और स्कूटी को धक्का मारने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई कार
- हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस, घायलों को पहुंचाया अस्पताल
- इलाज के दौरान सभी घायलों की हुई मौत

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार की देर रात में राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुल के पास एक हाई स्पीड कार ने तीन लोगों की जान ले ली। जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल हैं। हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हो गई है। नामकुम थाना प्रभारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। हादसे में धनबाद के शिक्षक की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। कार चालक की प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के विषय में सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में 10 बजकर 12 मिनट पर सोम सिन्हा से बात हुई थी। वो पैदल ही घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे तो वो उनकी खोजबीन के लिए निकले, लेकिन वो कही नजर नहीं आए। हालांकि उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी, लेकिन वो आगे बढ़ गए।

करारा वार किसी भी स्तर के वैचारिक समर्थन पर किया डायरेक्ट प्रहार

मोदी सरकार की तिहरी रणनीति ने तोड़ दी नक्सलियों की कमर

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलवाड़ी गांव से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता चारु मजूमदार और कानू सान्याल ने 1967 में तत्कालीन सत्ता के खिलाफ एक सशस्त्र आंदोलन शुरू किया था। कहा जाता है कि चारु मजूमदार चीन के कम्युनिस्ट नेता माओत्से तुंग के बड़े प्रशसंक थे। इसी कारण नक्सलवाद को 'माओवाद' भी कहा जाता है। अपने जन्म काल से लेकर उसके बाद दशकों तक भारत में नक्सलवाद का प्रभाव व्यापक और विनाशकारी रहा है, जिससे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में गंभीर समस्याएं पैदा हुईं। देश और समाज विरोधी सभी ताकतों के खिलाफ केंद्र की मोदी सरकार ने कड़ाई से निपटने का दृढ़ संकल्प लिया और इसके अनुसार कार्रवाई शुरू की। इसका परिणाम है कि आज नक्सलियों की कमर लगभग टूट चुकी है। ऐसा केंद्र सरकार की तिहरी रणनीति के फलस्वरूप संभव हो सका है। हम जानते हैं कि नक्सलवाद ने समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा किया है, जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

1967 में प. बंगाल में सत्ता के खिलाफ नक्सलियों ने शुरू किया था सशस्त्र आंदोलन

कई दशकों तक सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक दृष्टि से फैलाई गई अराजकता

- केंद्र की सरकारों ने अपने-अपने तरीके से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी लड़ाई
- 11 साल पहले नक्सल समस्या की गिरफ्त में थे 6 से ज्यादा राज्य व 125 से अधिक जिले

शहरी क्षेत्रों में हुई अहम गिरफ्तारियां समानांतर सरकार का नेटवर्क ध्वस्त

- 2019 के बाद अब महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों तक सीमित हो गई समस्या
- 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने दृढ़ इच्छा शक्ति से नक्सलवाद को पहुंचाया खात्मे के करीब

गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका महत्वपूर्ण

करीब 11 साल पहले छह से अधिक राज्य और 125 से अधिक जिले नक्सल समस्या की गिरफ्त में थे। साल 2019 में केंद्र सरकार की नक्सलियों के खिलाफ अपनाई गई तिहरी रणनीति के बाद अब यह समस्या महाराष्ट्र के एक जिले गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के तीन जिलों तक सीमित रह गई है। केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ने बार-बार यह संकल्प दोहराया है कि अगले साल तक देश पूरी तरह नक्सल मुक्त हो जाएगा।

BRIEF NEWS

पुरुषों के वेश में शिकार पर निकलीं महिलाएं

LOHARDAGA : लोहरदगा जिला में कई गांवों की महिलाओं की ओर से रविवार को जनी शिकार किया गया। इस दौरान पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ पहान पुजार की ओर से विधिवत पूजा कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। हाथ में लाठी डंडे और पारंपरिक हथियार के साथ महिलाएं पुरुषों के वेशभूषा में विभिन्न गांव घूमकर शिकार किया गया। फिर एक जगह एकत्रित होकर भोजन बनाकर उसे खाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 12 वर्ष बाद महिलाएं जनी शिकार को निकलीं थीं। इससे पूर्व प्रत्येक घर में इसको लेकर जमकर तैयारियां की गई थीं। सभी घरों में महिलाओं से लेकर बच्चे,जवान, बुजुर्ग सभी उत्साह में थे। महिलाओं को जनी शिकार पर भेजने में पुरुष भी पीछे नहीं थे। वे उनकी तैयारियां पूरी कराने में लगे थे। रविवार को पुनः जनी शिकार का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों महिलाएं पुरुषों की वेशभूषा में पारंपरिक हथियार के साथ शिकार के लिए गांव भ्रमण की गई।

'त्वरित प्रश्नोत्तरी के साथ तुलसी जयंती समारोह प्रारंभ

JAMSHEDPUR : प्रत्येक वर्ष की भांति सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन-तुलसी भवन संस्थान द्वारा डेढ माह तक चलने वाला तुलसी जयंती समारोह रविवार को त्वरित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ प्रारंभ हो गया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र- छात्राओं के लिए हुई प्रतियोगिता में नगर के 21 विद्यालयों से कुल 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम-एआईडब्ल्यूसी एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस व डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर, द्वितीय-श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर और तृतीय-केरला पब्लिक स्कूल, बमार्माइंस रहे, जबकि प्रोत्साहन पुरस्कार जुस्को स्कूल, साउथ पार्क व सोनारी स्थित भारत सेवाश्रम संघ के प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड को दिया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के मानद महासचिव डॉ. प्रसेनजित तिवारी ने स्वागत संबोधन में पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। तत्पश्चात संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, अध्यक्ष सुभाषचंद्र मूनका, उपाध्यक्ष रामनंदन प्रसाद, महासचिव डॉ. प्रसेनजित तिवारी, कोषाध्यक्ष विमल जालान, कार्यकारिणी के प्रसन्नवदन मेहता, साहित्य समिति की मार्गदर्शक डॉ. रागिनी भूषण, नीलिमा पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. यमुना तिवारी व्यथित व सचिव डॉ. अजय कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आज आएंगे शहर

JAMSHEDPUR : केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को शहर आ रहे हैं। वे यहां नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस आयोजन में ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी मौजूद रहेंगे। इनके साथ ओडिशा की शैक्षणिक सलाहकार प्रो. डॉ. शुक्ला मोहंती भी मंचस्थ रहेंगी। इस बार करीब 1700 छात्रों को स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री दी जाएगी। इनमें से 120 मेधावी छात्रों को स्वर्ण और रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। ऑल इंडिया 50,714 रैंक तक के मात्र 54 छात्रों ने झारखंड में आवेदन किया है। 50 हजार से एक लाख तक के बीच 437 आवेदक तथा एक लाख रैंक से लेकर पांच लाख रैंक के बीच 3090 छात्र-छात्राएं हैं।

धनबाद के स्टेशन बस स्टैंड से 28 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

ओडिशा के अनुगुल से दो सूटकेस में मादक पदार्थ लेकर पहुंचे थे दोनों

PHOTON NEWS DHANBAD : धनबाद पुलिस ने जिले में गांजा तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी है। बिहार के नालंदा जिला निवासी दो लोगों को 28 किलो गांजा के साथ रेलवे स्टेशन के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद गांजा की कीमत करीब 4.20 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके आठ दिन पहले भी धनबाद थाना की पुलिस ने दो किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

बताया जाता है कि धनबाद के थाना प्रभारी आरएन ठाकुर को शनिवार की देर शाम धनबाद स्टेशन पर गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इसी सूचना पर ठाकुर ने एएसपी धनबाद के निर्देश पर अपने थाने की पुलिस के साथ राजकीय रेल पुलिस धनबाद और रेलवे सुरक्षा बल के साथ एक छापामारी दल का गठन किया। इसके बाद सभी टीमों ने स्टेशन परिसर और उसके बाहर स्थित बस स्टैंड में तलाशी शुरू कर दी। इसी क्रम में बस स्टैंड के पास दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। इन दोनों के पास सफारी कंपनी का दो बाद सूटकेस था। इसकी तलाशी लेने पर इसमें एक-एक किलो का 28 पैकेट गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इन दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन दोनों ने अपना नाम सावन कुमार (26) और शंभू पासवान (25) बताया। ये दोनों बिहार के नालंदा जिला के ओन्दा गांव के रहने वाले हैं।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

अनुगुल से लेकर आ रहे थे गांजा

धनबाद पुलिस ने इस मामले का खुलासा रविवार को किया। धनबाद थाना में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि ये दोनों ओडिशा के अनुगुल या आंगुल से गांजा लेकर भुनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन से यहां पहुंचे थे और रात करीब 10 बजे गंगा-सतलुज एक्सप्रेस से इन्हें वाराणसी जाना था। श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह भी जानकारी मिली है कि इनके साथ पांच अन्य लोग भी गांजा सप्लाई का काम करते हैं। इनमें से दो लोग गिरफ्तार आरोपितों के गांव के हैं, जबकि अन्य तीन माल रिसीवर और डिलीवर हैं। इनके पुराने आपराधिक इतिहास को जानने का भी प्रयास पुलिस कर रही है। छापामारी में ठाकुर के अलावा, सुजीत कुमार सिंह, ललित रंजन भगत, सशस्त्र बल के अलावा धनबाद रेल की जीआरपी और आरपीएफ की टीम शामिल थी।

अर्पण परिवार के रक्तदान शिविर में 1018 यूनिट रक्त संग्रहित

JAMSHEDPUR : संस्था अर्पण परिवार ने रविवार को धतकीडीह स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 1018 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद बिद्युत बरण महतो, टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदर रामम, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उपेंद्र प्रताप सिंह व विधायक मंगल कालिंदी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने की, जबकि रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने वालों में इंटक नेता राकेश्वर पांडेय, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, उद्यमी रूपेश कतरियार, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा सहित कई गणमान्य शामिल थे।

घर से दूध लेने निकले दो मौसेरे भाइयों की तालाब से शव बरामद

PALAMU : घर से दूध लेने निकले दो मौसेरे भाइयों की रविवार सुबह तालाब से शव बरामद हुआ। नहाने के क्रम में डूबने से उनकी मौत हुई। दोनों शनिवार शाम से लापता थे। उनकी खोजबीन की जा रही थी। उनकी पहचान मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रांची रोड रेड़मा दशगात्र मंडप के पास रहने वाले आनंद दुबे का पुत्र अर्पित दुबे (6)और उसके मौसेरे भाई बेलवाटिका गुरुद्वारा के पीछे रहने वाले आरो दुबे(8), पिता अनुराग दुबे के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। शव का पोस्टमार्टम सुबह 8 बजे एमएमसीएच में किया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम अर्पित और आरोप घर से दूध लेने के लिए निकले थे। लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी खोजबीन में जुटे हुए थे। इसी क्रम में घर के समीप तालाब से उनकी शव मिला । संभावना है कि दूध लेने जाने के क्रम में दोनों भाई नहाने के लिए तालाब में उतर गए होंगे, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई।

शव मिलने की सूचना पाते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जमशेदपुर में युवक की संदिग्ध स्थिति में डूबकर हुई मौत

JAMSHEDPUR : एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा में रविवार सुबह एक युवक का शव तालाब से बरामद हुआ। मृतक की पहचान रोहित लामाय (18) के रूप में हुई है, जो तुरियाबेड़ा का ही रहने वाला था। रोहित शनिवार सुबह घर से निकला था लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में एक शव को तैरते देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकाला और जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई कार्तिक लामाय ने बताया कि रोहित के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वह उसके साथ ही रहता था। कार्तिक ने यह भी बताया कि तालाब में पानी बहुत कम था, ऐसे में रोहित का डूबना संदिग्ध प्रतीत होता है। साथ ही उसके सिर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लेवी वसूलने छतरपुर आया टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार, मुठभेड़ में भागा था

AGENCY PALAMU : उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति सम्मेलन कमेटी (टीएसपीसी) के सक्रिय सदस्य शंभु सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शंभू छतरपुर इलाके में लेवी वसूलने पहुंचा था। पूछताछ में सामने आया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस और नक्सली संगठन टीएसपीसी के बीच हुई मुठभेड़ में वह शामिल था। जोनल कमांडर शशिकांत के दस्ते में शामिल था।

रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छतरपुर के डीएसपी अवध कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली शंभु सिंह के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

उसका आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध मनातू थाना 17 सीएलए आर्म्स एक्ट के तहत 17 मई 25 को मामला दर्ज है। नौडीहा बाजार थाना में 20 मई 24 को नक्सली गतिविधि और आर्म्स एक्ट के तहत के तहत मामला दर्ज है, जबकि विश्रामपुर, रेहला और छतरपुर थाने में एक एक मामला 17 सीएलए और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है जिसमें पुलिस को उसकी तलाश थी। इस अभियान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, सब इंस्पेक्टर सुशील उरांव,अनिल रजक,तकनीकी शाखा के रामनारायण विश्वकर्मा के अलावे छतरपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

डीएसपी ने बताया कि 24 अक्टूबर 2024 को विधानसभा चुनाव के समय टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत गंझू अपने दस्ते के साथ छतरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग के जंगल में था। इस दौरान पुलिस से उसकी मुठभेड़ हुई थी।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते डीएसपी अवध कुमार यादव

कटकमसांडी में राज्य खाद्य निगम के गोदाम में मिली गड़बड़ी, शोकॉज

PHOTON NEWS HAZARIBAG : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने रविवार को कटकमसांडी प्रखंड स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम (जेएसएफसी) के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न के भंडारण, वितरण, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जांच की। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न के सुरक्षित रख रखाव के प्रयोग में लाए जाने वाले रसायन (केमिकल) एवं खाद्यान्न के स्टॉक के लिए संधारित किए जाने वाले रजिस्टर के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस लापरवाही पर उपस्थित एमओ और एजीएम को शोकॉज करते हुए 24 घंटे के अंदर खाद्यान्न के रखरखाव, रसायन (कीटनाशक) की उपलब्धता, पंजी का संधारण, गोदाम में स्टॉक रजिस्टर, इनवेंट्री विवरण, गुणवत्ता मानकों, फायर फाइटिंग सिस्टम (आग बुझाने का यंत्र) तथा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोदाम में खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए एवं वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बरती जाए। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के लाभुकों तक समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर त्वरित विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार भी मौजूद थे।

गोदाम का निरीक्षण करते उपायुक्त शशि प्रसाद सिंह ● फोटोन न्यूज

जेईई मेन के टॉपर्स ने झारखंड के कॉलेजों से किया किनारा

JAMSHEDPUR : झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने राज्य के सरकारी और प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। यह लिस्ट जेईई मेन के स्कोर के आधार पर तैयार की गई है। इसमें राज्य भर के 6357 छात्र-छात्राओं को जगह मिली है। लिस्ट में सबसे ऊपर उस छात्र का नाम है, जिसकी जेईई मेन में सीआरएल रैंक 941 है। वहीं, अंतिम नाम 14, 73, 798 रैंक वाले छात्र का है। जेईई मेन के टॉप रैंक वाले छात्रों ने झारखंड के इंजीनियरिंग कॉलेजों में रुचि नहीं दिखाई है। टॉप-10 में हजार रैंक के अंदर आने वाले केवल छह छात्रों ने ही जेसीईसीईबी में आवेदन किया है। स्टेट मेरिट लिस्ट के टॉप 50 आवेदकों में से 44 की रैंक 17264 से 48666 के बीच है। शुरूआती छह आवेदकों की रैंक 8675 तक है। जानकारों का कहना है कि टॉप छह आवेदकों में शामिल 941, 4820, 5517, 5735, 7733 और 8675 रैंक वाले छात्र शायद ही झारखंड में रुकें। इनका आईआईटी या एनआईटी में नामांकन तय माना जा रहा है।

दुमका में बाबूलाल मरांडी से मिले पूर्व सीएम रघुवर दास

AGENCY DUMKA : पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के बीच संथाल परगना दौरे के दौरान दुमका परिसदन भवन में रविवार को मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओ ने पार्टी संगठन और राज्य की राजनीति से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। विशेष रूप से संताल परगना के उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिसके आधार पर भाजपा इस इलाके में जनता के बीच पहुंच रही है। रघुवर-बाबूलाल मुलाकात के दौरान संताल परगना में भाजपा संगठन को मजबूत करने और पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ है। इस बीच पार्टी कार्यकताओं से संगठन मजबूत करने पर चर्चा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दो दिनों से संताल परगना के प्रवास पर हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को सुबह इंटरसिटी ट्रेन से दुमका पहुंचे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास 21 जून को पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में एक आदिवासी संगठन की ओर से आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए थे। रविवार को रघुवर दास साहिबगंज के भोगनाडीह में अमर शहीद सिदो कान्हू मुर्मू के वंशजों से भेंट करेंगे और बरहेट में जन चौपाल कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत लोकसभा और विधान सभा चुनावों में संताल परगना में भाजपा का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। लोकसभा में भाजपा को पहले से जीती हुई दुमका सीट भी गवां देनी पड़ी थी। वहीं विधानसभा चुनाव में सभी चार सिटिंग सीटों सहित 18 में 17 सीटों पर भाजपा (एनडीए) को हार का सामना करना पड़ा था।

परिसदन में बैठे रघुवर दास व बाबूलाल मरांडी ● फोटोन न्यूज

कल जमशेदपुर के प्रदर्शन में शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर

JAMSHEDPUR : भाजपा, जमशेदपुर महानगर राज्य की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करेगी। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी शामिल रहेंगे। भाजपा ने 24 जून को पूरे राज्य के प्रखंड कार्यालयों पर प्रदर्शन की घोषणा की है। इस निमित्त, जमशेदपुर महानगर में आक्रोश-प्रदर्शन की सफलता और तैयारी को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की बैठक रविवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश-प्रदर्शन की सफलता के निमित्त विभिन्न पहलुओं को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

गुमला जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बालिका छात्रावास का हुआ लोकार्पण

शिक्षा वही जो संस्कार दे व संस्कार वही जो समाज को दिशा दे : गवर्नर

PHOTON NEWS GUMLA : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा और संस्कार के समन्वय से ही समाज का सशक्त निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वही जो संस्कार दे और संस्कार वही जो समाज को दिशा दे। यह छात्रावास उसी विचार का मूर्त रूप है। उन्होंने कहा कि यह परिसर केवल आवासीय सुविधा न होकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र सेवा का केंद्र बने। राज्यपाल रविवार को गुमला जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत बिन्देश्वरी लाल साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भलमण्डा में बालिका छात्रावास का लोकार्पण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण 'बेटी पढ़ेगी, तभी देश बढ़ेगा' का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड में अधिकाधिक संख्या में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना जनजातीय प्रतिभाओं को शिक्षा और अवसर देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने हाल ही में श्रीहरि वनवासी कल्याण केन्द्र से सम्बद्ध वनवासी विकास समिति के एक कार्यक्रम में भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज और सेवा संस्थाएं मिलकर झारखंड के वनवासी अंचलों में शिक्षा, संस्कार और परिवर्तनों की आधारशिला रख रही हैं। सुमन रमेश तुलस्यानी ट्रस्ट, मुम्बई की ओर से बच्चों के लिए दो बसें प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए समाज में ऐसे लोगों की आवश्यकता है। उन्होंने मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट सूरत, गुजरात के केशुभाई को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य (236 सरस्वतीधाम की स्थापना) के लिए अत्यंत बधाई दी। इससे पूर्व राज्यपाल ने सर्वप्रथम परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद वीर लांसनायक अल्बर्ट एक्का के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता है कि विद्या विकास समिति की ओर से सैकड़ों विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं, यह संगठन वर्षों से झारखंड के दूरस्थ ग्रामों एवं जनजातीय अंचलों में शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक चेतना के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट, सूरत, गुजरात ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित 236वां सरस्वतीधाम (बालिका छात्रावास) के लोकार्पण के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि यहां आरम्भ यह छात्रावास केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण एवं जनजातीय अंचल की बालिकाओं के स्वावलंबन, आत्मबल और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। उन्होंने इस छात्रावास के निर्माण में सहयोग प्रदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होकर शिक्षा के लिए प्रयास करता है, तब परिवर्तन की दिशा सुनिश्चित होती है। उन्होंने उल्लेख करते हुए कि हाल ही में उन्हें विद्या विकास समिति, झारखण्ड द्वारा नगड़ी, कुदलुंग में आयोजित जनजातीय प्रवासी कार्यकर्ता प्रशिक्षण समापन समारोह में भाग लेने का अवसर मिला, जहां उन्होंने समिति की कार्यपद्धति और प्रतिबद्धता को निकट से देखा और अनुभव किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार, विद्या विकास समिति के सदस्यों, समाजसेवियों, शिक्षकों, अभिभावकों, ग्रामिणों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल संतोष गंगवार ● फोटोन न्यूज

शूटिंग के दौरान राज्यपाल को जानकारी देते फिल्मकार संजय शर्मा ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने देखी फिल्म 'सहिया' की शूटिंग

NETARHAT : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित लोअर घाघरी क्षेत्र में चल रही हिंदी फीचर फिल्म सहिया की शूटिंग स्थल का अवलोकन किया। फिल्म के सेट पर पहुंचकर राज्यपाल ने फिल्म निर्माण से जुड़ी पूरी टीम से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि यह क्षेत्र प्रकृति की अनुपम देन है, जहां घाटियां, जलप्रपात और हरियाली एक अद्भुत सिनेमाई पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल पर्यटन के लिए, बल्कि फिल्म निर्माण के लिए भी अपार संभावनाओं से भरा है। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण हेतु अधिक से अधिक निमार्ता-निर्देशक झारखंड आएं। विदित हो कि फिल्म सहिया के निमार्ता संजय शर्मा हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका युवा अभिनेता शांतनु महेश्वरी, वरिष्ठ कलाकार नीरज काबी, रमन गुप्ता और अभिनेत्री रिंकू राजू शामिल हैं। राज्यपाल को फिल्म की विषयवस्तु, लोकेशन चयन, तकनीकी पक्ष तथा स्थानीय कलाकारों की भागीदारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि फिल्म में झारखंड के स्थानीय कलाकारों एवं तकनीशियनों को भी अवसर दिया जा रहा है। यह राज्य की प्रतिभा के लिए एक प्रेरणादायक अवसर है। राज्यपाल ने फिल्म निर्माण दल का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि झारखंड की प्राकृतिक संपदा, संस्कृति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण फिल्म उद्योग को नई दिशा प्रदान करने में सक्षम है। आशा है कि झारखंड आने वाले वर्षों में एक प्रमुख फिल्म शूटिंग स्थल के रूप में उभरेगा। नेतरहाट पहुंचने पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने स्वागत किया तथा इस क्षेत्र की विशेषताओं से अवगत कराया।

राजधानी में एक घंटे की बारिश में ही जलमग्न हो गए कई इलाके

- पॉश कॉलोनी के घरों में भी घुसा पानी
- नालियों की सफाई के दावे फेल ओवरफ्लो के कारण बढ़ी परेशानी
- रोड और पार्किंग में खड़ी गाड़ियां डूबीं घरों के सामान भी भीगे

PHOTON NEWS RANCHI : मानसून की बारिश राजधानी के लिए इस बार भारी परेशानी लेकर आउ है। रविवार को एक घंटे की बारिश में ही रांची के कई इलाके एक बार फिर जलमग्न हो गए। घरों में पानी घुस जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ जगहों पर कार पूरी तरह से डूब गए। इसके अलावा कुछ इलाकों में तो नाले का पानी रोड पर बहता नजर आया।

रोड-तालाब सब हो गए बराबर

बड़ा तालाब वाले एरिया में तालाब और रोड एक बराबर दिख रहे थे। कहीं भी न तो रोड का पता चल रहा था और न ही नाले का। ऐसे

में लोग जान जोखिम में डालकर सड़कों पर चलते नजर आए। दुकानों में भी पानी भर गया। जिन घरों में पानी भर गया, वहां पर लोग परेशान दिखे कि अब रात कैसे गुजरेगी। कर्बला चौक, पीपी कंपाउंड, हरमू के कई इलाके, अशोक विहार एक्सटेंशन में भी कई घर जलमग्न हो गए।

पहली बारिश में डूबा था शहर

पहली ही बारिश में 19 जून को राजधानी रांची पूरी तरह जलमग्न हो गई थी। कई इलाके डूब गए थे। इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था। इसके बाद रांची नगर निगम के साथ-साथ जिला प्रशासन अधिकारी भी एक्टिव मोड में नजर आए। नालों की सफाई को लेकर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। कंट्रोल रूम को एक्टिव रखने के साथ ही टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया। टीम को भी एक्टिव रखा गया। इसके बावजूद कई इलाके जलमग्न हो गए। हालांकि इस मामले में सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की ने बताया कि हमारी पूरी तैयारी है। कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने का हम प्रयास कर रहे हैं। जहां तक जल जमाव की समस्या है, तो टीम लगी हुई है। जल निकासी के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

BRIEF NEWS

मातेश्वरी सरस्वती का स्मृति दिवस ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया

RANCHI : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम अध्यक्ष मातेश्वरी सरस्वती के स्मृति दिवस रविवार को हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ इस कार्यक्रम में डॉ. सुबोध ने उन्हें ₹बुद्धि की देवी₹ बताया। मंजूला केडिया, संजय सर्राफ, निर्मल बुधिया, नरेश बंका और अमरेंद्र विष्णुपुरी ने उनके जीवन, तप और शिक्षाओं को वर्तमान समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

फेंसिंग चैंपियनशिप में शुभम ने जीता गोल्ड

RANCHI : रांची के भारत माता चौक स्थित एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के 10वीं के स्टूडेंट शुभम गाड़ी ने 17वीं झारखंड राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और राज्य का नाम रौशन किया। रामगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में शुभम ने अपने कौशल और दृढ़ता का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रिंसिपल शादान आलम ने शुभम को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और समर्पण ही सफलता की कुंजी है।

सरकार गरीबों को एंबुलेंस मुहैया कराने में असमर्थ : राफिया नाज

RANCHI : भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को कहा कि रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों को एम्बुलेंस देने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार सभी को स्वास्थ्य का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हालात इतने भयावह हैं कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहा। यह एक साधारण प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। राफिया ने गोड्डा जिले में एक मासूम बच्ची की मृत्यु की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरी मानवता को झकझोर देने वाली त्रासदी है।

प्रीमियर लीग सीजन 6 में कैपिटल की टीम ने दर्ज की जीत

RANCHI : रविवार को प्रीमियर लीग सीजन 6 विल्स क्लब के तत्वावधान में ओपनिंग मैच कांके स्थित शहिद शेख भिखारी मैदान में विल्स बालसटर व विल्स कैपिटल के बीच खेला गया। इसमें बालसटर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 75 रन बना सकी। स्कोर का पीछा करते हुए कैपिटल की टीम ने 9.5 गेंद में 9 विकेट खोकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस मैच में मुन्ना को मैने ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन कांके विधायक सुरेश बैठा ने किया।

वरीय पदाधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

रथ मेला की सुरक्षा और साफ-सफाई की स्थिति का डीसी ने लिया जायजा

- श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य सुविधा अग्निशमन और व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश
- सीसीटीवी कैमरे, वॉच टावर व प्रमुख स्थानों पर होगी पुलिस बल की तैनाती : डीआईजी

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला की तैयारी पूरे जोरों पर है। इसे लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजंत्री ने रथ मेला की संपूर्ण व्यवस्था, सुरक्षा और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। जिला के वरीय पदाधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में डीआईजी-सह- वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक, जनसंपर्क पदाधिकारी, हटिया डीएसपी, संबंधित अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने जगन्नाथपुर मंदिर से मौसीबाड़ी तक रथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य सुविधा, अग्निशमन और स्वच्छता की उच्चस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। डीआईजी चंदन सिन्हा ने बताया कि रथ यात्रा के दौरान पूरे मेले में सीसीटीवी कैमरे, वॉच टावर तथा प्रमुख स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

सफाई और पर्यावरण सुरक्षा पर विशेष जोर : उपायुक्त ने रथ मेला को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि मेला परिसर में डस्टबिन अनिवार्य होंगे। प्लास्टिक थैलियों, डिस्पोजेबल ग्लास-प्लेट्स और अन्य अपशिष्ट सामग्रियों पर रोक लगाई गई है। इसके स्थान पर दोना, पत्तल, बांस की टोकरी और कागज से बने उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की गई।

रांची नगर निगम की विशेष तैयारी

नगर निगम द्वारा मेला क्षेत्र में 27 जून से 5 जुलाई तक दो पालियों में नियमित साफ-सफाई, गार्बेज कलेक्शन, नालियों की सफाई, फॉगिंग, लार्विसाइडल छिड़काव और झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 वाटर टैंकर और 5 चलंत शौचालय की व्यवस्था की गई है। जलापूर्ति को भी चार पालियों में नियमित किया जाएगा।

खोया-पाया केंद्र का इंतजाम

उपायुक्त ने बताया कि मेला के दौरान स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल पर खोया-पाया केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां किसी व्यक्ति या बच्चे के खो जाने पर जानकारी दी जा सकेगी। एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जिला प्रशासन, मंदिर समिति और वालंटियर्स के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

झूलों की सुरक्षा भी होगी प्राथमिकता

मेले में लगने वाले झूलों के संचालन के लिए सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया गया है। सभी झूला संचालकों को तकनीकी जांच, प्रमाण पत्र, लाइसेंस आदि उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि रथ यात्रा रांची ही नहीं, पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है। ऐसे में सभी विभागों एवं मेला न्यास समिति को टीम भावना से कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल, स्वच्छ और सुरक्षित बनाना होगा।

रिम्स में रिटायर्ड कर्मी की फिर से नियुक्ति पर उठा सवाल, अपर मुख्य सचिव के पास पहुंची शिकायत

VIVEK SHARMA RANCHI : राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स का विवादों से पुराना नाता है। कभी अव्यवस्था को लेकर, तो कभी नियुक्ति को लेकर। अब एक बार फिर से सेवानिवृत्त कर्मी की पुनर्नियुक्ति पर सवाल उठाए गए हैं। इतना ही नहीं, इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव से की गई है। इसमें नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में तत्काल कार्रवाई की अपील की गई है।

क्या लिखा है शिकायत में : रिम्स रांची में सेवानिवृत्त कर्मी की नियुक्ति को लेकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को भेजे गए एक पत्र में आरोप लगाया गया है कि वित्त विभाग की संकल्प संख्या 1243/वि. दिनांक 28 अप्रैल 2016 को दरकिनार करते हुए आलोक कुमार तपस्वी को अनियमित रूप से रिम्स में वित्तीय आंतरिक सलाहकार पद पर कार्यरत रखा गया है। उक्त संकल्प के अनुसार, सेवानिवृत्त कर्मियों को अधिकतम तीन वर्षों या 65 वर्ष की आयु तक ही अनुबंध के आधार पर कार्य पर रखा जा सकता है। यदि इसके पश्चात किसी को कार्य पर रखना हो, तो इसके लिए मंत्रिमंडल की स्वीकृति अनिवार्य है। इस नियम के तहत पूर्व में रंजना वर्मन (प्रशासनिक पदाधिकारी), हैदर अली (निगरानी पदाधिकारी), रवींद्र तिवारी (प्रधान लिपिक) सहित अन्य कई कर्मियों को कार्यमुक्त कर दिया गया था। लेकिन, आलोक कुमार तपस्वी को 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बावजूद पुनः कार्य पर रखा गया, जिससे पारदर्शिता और नियमों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि तपस्वी को मंत्री को गुमराह कर योजनागत राशि के उपयोग में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से नियुक्त रखा गया।

- आलोक कुमार तपस्वी को अनियमित रूप से बनाया गया है वित्तीय आंतरिक सलाहकार
- नियमों के अनुसार, 65 से अधिक उम्र वाले की नियुक्ति के लिए मंत्रिमंडल की स्वीकृति अनिवार्य

बंधु ने फिर चेताया, रिम्स-2 के निर्माण के लिए कोई और जमीन देखें स्वास्थ्य मंत्री

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने नगड़ी मौजा में रिम्स-2 के निर्माण के लिए की जा रही खेती योग्य खतियानी जमीन के अधिग्रहण का विरोध किया है। उन्होंने फिर स्पष्ट किया कि उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसका खामियाजा आदिवासियों को विस्थापित कर चुकाना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नगड़ी के ग्रामीण और रैयत अपनी खेती योग्य जमीन पर पूरी तरह निर्भर हैं। वहां की कृषि भूमि आबादी के अनुपात में पहले से ही कम है। ऐसे में रिम्स-2 जैसी परियोजना के लिए इस जमीन का अधिग्रहण सामाजिक और आर्थिक अन्याय होगा। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को सलाह दी कि वे रांची या झारखंड में किसी वैकल्पिक उपयुक्त सरकारी भूमि का चयन करें। उन्होंने कहा कि अब आदिवासी समाज बार-बार विस्थापन और पलायन के लिए मजबूर नहीं होगा। राज्य में पहले भी विकास और खनन के नाम पर आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल किया गया है, लेकिन अब अबुआ राज में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनता की भावनाओं को समझते हैं और उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जनभावनाओं के अनुरूप फैसला लेंगे।

वक्फ कानून के खिलाफ कार्यक्रम में जुटेंगे जमीअतुल मोमेनीन चौरासी के मेंबर

RANCHI : रविवार को जमीअतुल मोमेनीन चौरासी रांची, झारखंड की कार्यकारिणी समिति की बैठक कांके नगड़ी स्थित विलेज ढाबा में कि गई। अध्यक्षता मो. मजीद अंसारी ने की। मौके पर समिति के सदर मो. मजीद अंसारी ने उपस्थित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ 2025 कानून के खिलाफ होने वाले प्रोग्राम में जमीअतुल मोमिनीन चौरासी रांची, झारखंड पूरी जिम्मेदारी के साथ भाग लेगी।

स्थापना दिवस : झामुमो ने झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की, जबकि आजसू ने किया संघर्ष : सुदेश

PHOTON NEWS RANCHI : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने पार्टी के 26 वें समारोह में रविवार को कहा कि झामुमो ने झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की, जबकि आजसू ने संघर्ष किया है। खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने कहा कि आजसू ने बिना संघर्ष के ही वर्ष 1986 से 2000 तक सांसद और विधायक बनाया। सुदेश ने कहा है कि हेमंत सरकार चोरी और लूट नहीं, जनता के अधिकारों की डकैती में जुटी है। जनता इस सरकार से मात्र छह माह में ही त्रस्त हो चुकी है। आजसू कार्यकर्ता हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी करें।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जाति जनगणना की घोषणा का आजसू स्वागत करती है। हमारी मांग है कि जाति के आधार पर आरक्षण दिया जाए।

सुदेश ने कहा कि झारखंड निर्माण में बंगाल और ओडिशा के सदस्यों की भी भूमिका रही है। राज्य के अंदर चलने वाली सबसे लम्बी लड़ाई झारखंड आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आजसू ने झारखंड के लिए संघर्ष किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई ने अलग राज्य का निर्माण किया। सुदेश ने कहा कि आज से आजसू एक नए तेवर में दिख रही है। अब राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेकर यहां से हमलोग जाएंगे। राज्य को एक नई सोच के साथ आगे लेकर जाने की आवश्यकता है। वर्तमान हेमंत सरकार झूठ बोलकर और गुमराह कर राजनीति कर रही है। महिलाओं को सत्ता हासिल करने का आधार बनाया गया और अब छह लाख महिलाओं का नाम मंईयां योजना से काटा जा रहा है। इसका जवाबदेह कौन होगा। सुदेश ने कहा कि सारा तंत्र जनता को धमकाने में लगा है। जमीन के नाम पर सारा अपराध हो रहा है। एक जमीन की छह बार रजिस्ट्री हो रही है और सीओ और थाना फर्जी करने वालों के पक्ष में वास्तविक मालिक को प्रताड़ित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने न तो नियोजन नीति बनाई, न विस्थापन नीति और न ही स्थानीय नीति बना पाई।

झारखंड की रेलवे कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

सिल्ली-इलू बाईपास रेललाइन परियोजना को मिल गई मंजूरी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल को मंजूरी मिल गई है। सिल्ली-इलू बाईपास रेललाइन परियोजना का मार्ग अब पूरी तरह साफ हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयासों से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना पर तेजी से काम शुरू होने जा रहा है। रेलवे द्वारा इस 5.9 किलोमीटर लंबी रेललाइन के लिए 140 करोड़ रुपये की लागत से टेंडर जारी कर दिया गया है। इसका निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूरा किया जाना है।

5.9 किलोमीटर लंबी रेललाइन के लिए 140 करोड़ रुपये का टेंडर जारी

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयासों से जल्द शुरू होगा काम, 2027 तक पूरा हो जाएगा निर्माण

2022 में हुई थी शुरुआत

इस परियोजना की शुरूआत वर्ष 2022 में हुई थी। संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस रेललाइन की उपयोगिता पर चर्चा की थी। उन्होंने निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया और इसके लिए विशेष आग्रह किया। लगातार फॉलोअप और प्रयासों के फलस्वरूप अब रेलवे ने इस परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संजय सेठ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली सरकार है, जहां हर गारंटी पूरी होती है। रांची और टाटा के बीच यात्रियों के समय की बचत और सुविधाजनक रेल संचालन के लिए यह परियोजना ऐतिहासिक साबित होगी। मैं प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार प्रकट करता हूं।

रांची से टाटा की दूरी हो जाएगी कम

इस रेललाइन के निर्माण से रांची से टाटा नगर की दूरी कम हो जाएगी और यात्रियों को तेज और सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। वर्तमान में सिल्ली से इलू तक मुरी होकर जाना पड़ता है, जिससे लगभग 50 मिनट का अतिरिक्त समय लगता है। बाईपास रेललाइन बनने से न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि संसाधनों और रेलवे संचालन में भी सुगमता आएगी। मुरी स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव भी घटेगा और इंजन परिवर्तन की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मनीषा सिंह की अगुवाई में निःशुल्क नेत्र और दंत जांच शिविर आयोजित

RANCHI : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारी महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीषा सिंह की अगुवाई में रविवार को नेत्रहीन विद्यालय, हरमू, रांची में निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मनीषा सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक सेवा पहुंचाना है। इसी के तहत आज शिविर लगाकर जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का एक छोटा प्रयास किया गया। भविष्य में भी हम इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेत्र और दंत स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

नियमित नियुक्ति में एनएचएम डॉक्टरों को प्राथमिकता देने की उठाई गई मांग

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) की एक महत्वपूर्ण रांची स्थित आईएमए भवन में हुई। अध्यक्षता संगठन के राज्य अध्यक्ष डॉ. बिमलेश सिंह ने की। इस अवसर पर राज्य सचिव डॉ. ठाकुर मृत्युंजय सिंह और राज्य संयोजक डॉ. शरद कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से तीन प्रमुख मांगों पर चर्चा की गई। पहली राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों को शीघ्र ही नई एचआर नीति का लाभ दिया जाए। दूसरी मांग में जब भी नियमित चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो, उसमें एनएचएम डॉक्टरों को प्राथमिकता दी जाए। तीसरी महत्वपूर्ण मांग यह रखी गई कि नियमित बहाली में आयु सीमा में कम से कम 10 वर्ष की छूट दी जाए। मौके पर डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अनुराधा कुमारी, डॉ. ज्योति, डॉ. दीपक कोनगाड़ी, डॉ. विशाल कुमार सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद थे।

ओपीडी सर्विस को लेकर जताई चिंता : संगठन ने निर्णय लिया कि इन मांगों को औपचारिक पत्र के रूप में विभागीय मंत्री और संबंधित पदाधिकारियों को सौंपा जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में ओपीडी सेवाओं को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई।

समाचार सार

याद किए गए बागुन सुम्बरुई

CHAIBASA : कांग्रेस भवन में रविवार को पूर्व सांसद बागुन सुम्बरुई की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्व. सुम्बरुई कोल्हान प्रमंडल के मजबूत नेता थे। उन्होंने राजनीति की शुरूआत छोटानागपुर और संथाल परगना को बिहार से अलग कराने के आंदोलन से की थी। 1967 से प्रथम बार बिहार विधायक चुने गए। इसके बाद लगातार 2009 तक निर्वाचित होते रहे। इस दरम्यान 5 बार सांसद, 4 बार बिहार व झारखंड के विधायक रहे। बिहार सरकार में दो बार वन व कल्याण मंत्री रहे। झारखंड विधानसभा के उपाध्यक्ष तथा प. सिंहभूम जिला के कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, त्रिशानु राय, जहांगीर आलम, रवि कच्छप , मो.सलीम आदि भी उपस्थित थे।

मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

GHATSILA : आनंद धरा महिला समिति की ओर से रविवार को विभूति संस्कृति संसद मंच पर मेधा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें अतिथियों ने सरकारी स्कूलों के 10 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में देवी प्रसाद मुखर्जी, प्रो. बैद्यनाथ त्रिपाठी, अंजना दास, मुखिया बनाव मुर्मू, सुशांतो सीट, मिठू विश्वास, अजय चक्रवर्ती शाहिद आदि भी उपस्थित थे।

कॉन्वेंट की टॉपर छात्राओं को मिला सम्मान

JAMSHEDPUR : सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को एनुअल प्राइज नाइट हुआ, जिसमें आईसीएसई व आईएससी की स्कूल टॉपर रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रधानाचार्या सिस्टर एम. स्टेफी एसी ने वर्ष 2024-25 की स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ की हुई गोष्ठी

JAMSHEDPUR : गायत्री ज्ञान मंदिर, भालूबासा में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर जिलास्तरीय गोष्ठी हुई। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज (हरिद्वार) से परीक्षा के राष्ट्रीय प्रभारी रामयश तिवारी भी उपस्थित थे। परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजीव रंजन ने बताया कि सम्मेलन में उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता ने न्यूनतम 5 विद्यालयों में संपर्क करने का संकल्प लिया।

पूर्व सांसद की प्रतिमा का हुआ अनावरण

GHATSILA : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को चाकुलिया में पूर्व सांसद सुनील महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पूर्व घाटशिला प्रखंड के फुलडुंगरी में एनएच-18 पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव तापस चटर्जी, घाटशिला के मंडल अध्यक्ष कन्हैया शर्मा, नरेश महाकुड़, प्रदीप भद्रो, शैलेंद्र सेन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विश्व संगीत दिवस पर हुई नृत्य प्रस्तुति

GHATSILA : विश्व संगीत दिवस के अवसर पर रविवार को शिल्पी तीर्थ डांस एकेडमी, सुर तरंग व चित्रश्री के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक परीक्षा हुई। इसमें 228 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने कथक, लोकनृत्य, क्रिएटिव डांस एवं प्रादेशिक शैलियों में नृत्य प्रस्तुत किया। चित्रकला के छात्रों ने प्राकृतिक दृश्य, स्टिल लाइफ, पोट्रेट पेंटिंग और क्रिएटिव आर्ट आदि विधाओं में कला का प्रदर्शन किया। परीक्षा का संचालन सर्वभारतीय संगीत व संस्कृति परिषद ने कराया, जबकि मुख्य परीक्षक पश्चिम बंगाल के सुप्रसिद्ध संगीताचार्य डॉ. चितरंजन माईती थे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सनातन दास, सभापति दिलीप कुमार सरकार व शिल्पी सरकार भी उपस्थित थीं।

कुख्यात निसार से पुलिस उगलवा रही राज, कई घटनाओं का खुलासा संभव

दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार हुआ था बदमाश, गणेश सिंह पर बम हमले में था वांछित

PHOTON NEWS JSR : हत्या, रंगदारी और फायरिंग जैसे संगीन मामलों में वांछित निसार हसन उर्फ निशु को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर जमशेदपुर लाया गया है। रविवार को पुलिस अब उससे गहन पूछताछ कर रही है। निसार से शहर में हुई हत्या, रंगदारी मांगने और फायरिंग की घटनाओं पर सवाल किए जा रहे हैं। शहर के गैंगस्टर गणेश सिंह पर बम से हमला हुआ था। इस मामले में भी निशु से पूछताछ की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि यह बम हमला किसने कराया था। इसके पीछे कौन लोग थे। उसके नेटवर्क को खंगलाने की कोशिश हो रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जमशेदपुर में निसार के गिरोह के कौन कौन सदस्य हैं। इन सदस्यों पर भी पुलिस शिकंजा कसेगी।

निसार की फाइल फोटो

पुलिस सूत्रों के अनुसार, निसार हसन निशु लंबे समय से फरार था और देश छोड़कर बहरीन चला गया था। वहां वह एक कंपनी में काम कर रहा था, लेकिन इसके साथ ही वह जमशेदपुर में अपना आपराधिक गिरोह भी संचालित करता रहा।

निसार हसन पर शहर में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 में गैंगस्टर गणेश सिंह पर बम हमले में भी उसका नाम सामने आया था। इसी को ध्यान में रखते हुए, पूर्व एसएसपी कौशल किशोर ने 14 मई को निसार के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कराया था। इसके तहत देश के सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उसके पासपोर्ट और तस्वीरें साझा की गई थीं।

गुरुवार को जैसे ही निसार हसन बहरीन से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, पहले से अलर्ट एयरपोर्ट पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जमशेदपुर पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर शहर पहुंची। पुलिस अब उससे हत्या, रंगदारी, फायरिंग और गिरोह संचालन से जुड़े मामलों में पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं, जिससे शहर के अन्य आपराधिक नेटवर्क का भी खुलासा संभव है।

रंगदारी नहीं देने पर दुकान में घुसकर मारपीट, आठ हजार रुपये लूटे

JAMSHEDPUR : मानगो के एमजीएम थाना अंतर्गत भिलाईपहाड़ी में रंगदारी नहीं देने पर एक ऑटोमोबाइल दुकान में घुसकर कुछ युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ करते हुए आठ हजार रुपये नकद लूट लिए। इस मामले में एमजीएम थाना में केस दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पीड़ित सूरज कुमार बिरसानगर जोन-6बी के निवासी हैं और भिलाईपहाड़ी में दुकान चलाते हैं। शनिवार को जब वे दुकान पर मौजूद थे, तभी अचानक कुछ युवक वहां पहुंचे और रंगदारी की मांग करने लगे। सूरज द्वारा इनकार करने पर इन युवकों ने उन पर हमला कर दिया और दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद हमलावर आठ हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सूरज कुमार ने इस संबंध में एमजीएम थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने दुकान के मालिक आशीष पाल, उनके साले राकेश मंडल और अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और रविवार से ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

गुवा खदान में सेल कर्मचारी की मौत चार कर्मी घायल

CHAIBASA : सेल की गुवा लौह अयस्क खदान में रविवार शाम सेल कर्मी चरण पुरती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में 4 अन्य कर्मचारी घायल हैं, जिनमें एक की स्थिति नाजुक है। खदान परिसर में ड्यूटी के दौरान हॉलपैक (डंपर) वाहन का टायर खोलते समय वह भारी टायर के नीचे दब गए, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, घटना के बाद चरण पुरती को गुवा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही खदान परिसर और कॉलोनी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। साथी मजदूरों और स्थानीय निवासियों ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यह चिंता का विषय है कि एक ही सप्ताह के भीतर गुवा खदान में यह दूसरी मौत है। कुछ दिन पूर्व एक नाबालिग ठेका मजदूर की निमार्णाधीन भवन में काम करने के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद श्रमिक संगठनों ने भारी विरोध-प्रदर्शन किया था। उस घटना में मृतक के परिजनों को 30 लाख रुपये मुआवजा मिला था।

छात्रावास में छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

PHOTON NEWS CKP : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के उंधन गांव स्थित आरटीसी पब्लिक स्कूल के आदिवासी छात्रावास में शनिवार की शाम 9वीं के छात्र सौरभविषय (14) की लाश फंदे पर लटकी मिली। आनंदपुर निवासी छात्र का शव उसके सहपाठी के कमरे में गमछे के सहारे लटका हुआ था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को सीएचसी लाया, जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। इधर खबर मिलते ही बच्चे के पिता अपने परिचितों के साथ हॉस्टल पहुंचे। वे हत्या की आशंका जताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग पर अड़ गए। प्रबंधन के मुताबिक, स्कूल में रोज दोपहर 3.50 से शाम 5 बजे तक ट्यूशन की कक्षा चलती है।

मृतक की फाइल फोटो

शनिवार को ट्यूशन के बाद बच्चे खेलने चले गए, लेकिन सौरभ खेलने नहीं गया। देर शाम खेल कर बच्चे कमरे में लौटे, तो अंदर से दरवाजा बंद था। इसके बाद एक छात्र ने दरवाजे की सुराख से झांका, तो सौरभ का पैर झूलता नजर आया। छात्रों ने शोर मचाया। स्कूल के शिक्षक भी पहुंचे। शव को उतारा गया और मामले की जानकारी दी। मनोहरपुर के प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र बाड़ा ने फोन पर बताया कि उक्त छात्रावास की जिम्मेदारी स्कूल के दुबेश्वर महतो पर है। छात्रावास निःशुल्क है, जबकि मृतक के पिता ने बताया कि हॉस्टल फीस के मद में प्रतिमाह 2500 रुपये लिए जाते थे। दुबेश्वर महतो से बात की गयी, तो उन्होंने कभी खुद को सुप्रिंटेंडेंट, तो कभी अकाउंटेंट, तो कभी कुछ और बताया। वह अपनी जिम्मेदारी से पीछे भागते दिखे। पोस्टमार्टम कराने चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे मामा शिवप्रसाद साहू ने कहा कि मेरे भगिना सौरभ की हत्या हुई है। आशंका है कि शिक्षकों ने उसे मार कर फंदे पर लटका दिया। पोस्टमार्टम से पहले मजिस्ट्रेट से जांच कराई जाए, जो भी दोषी हो, उसे कड़ी सजा मिले।

जलजमाव के कारण व निदान पर सरयू राय कल करेंगे समीक्षा बैठक

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय 24 जून को जलजमाव के कारण व निदान पर समीक्षा बैठक करेंगे। बिष्टुपुर के मिलानी हॉल में शाम चार बजे से होने वाली बैठक में गत दिनों हुई बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने तथा कई आवासीय क्षेत्रों में भीषण जलजमाव पर विस्तृत चर्चा होगी। इससे पहले सरयू प्रभावित इलाकों का सघन भ्रमण करेंगे। एक बयान में राय ने कहा है कि सरकारी और प्रशासनिक मशीनरी को मानो लकवा मार गया है। योजनाएं बनती हैं, उनका डीपीआर तैयार होता है, परियोजनाएं स्वीकृत होती हैं, क्रियान्वित होती हैं, परंतु आमजन को उसका लाभ कम और नुकसान ज्यादा मिलता है। राज्य सरकार के विभाग उनके सामने प्रस्तुत चुनौतियों का सामना करने में अक्षम साबित हो रहे हैं। विभागों में मानव-बल की घोर कमी है। संसाधन हैं, पर इनका उपयोग जनहित में नहीं हो पा रहा है। समस्याएं जस की तस रह जा रही हैं, समय के साथ घनीभूत होती जा रही हैं।

न्यायालय जाएंगे टेट के सफल सहायक अध्यापक

प्रखंड कार्यालय परिसर में उपस्थित अध्यापक ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : प्रखंड कार्यालय परिसर, घाटशिला में रविवार को टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक हुई। इसमें शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर हाई कोर्ट जाने का निर्णय लिया। शिक्षकों ने बताया कि सहायक आचार्य परीक्षा में साइंस एवं मैथ के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन लिस्ट में मात्र 2754 का ही नाम निकाला गया, जबकि पूरे राज्य में 5000 आचार्य को नियुक्त करना था। इसमें भी जेपीएससी द्वारा झारखंड हाई कोर्ट में जमा किए गए हलफनामा के अनुसार पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण देते हुए नियुक्त करना था, जबकि गैर पारा शिक्षक को 50 प्रतिशत नियुक्त करना था। पर, ऐसा नहीं कर साइंस और मैथ के मात्र 200 का ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। बताया गया कि जल्द ही उच्च न्यायालय में सहायक आचार्य परीक्षा में की गई गड़बड़ी को लेकर संघ याचिका दायर करेगा।

आरटीआई कार्यकर्ताओं ने बीडीओ पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

पत्रकारों को संबोधित करते आरटीआई कार्यकर्ता संघ के पदाधिकारी

JADUGORA : आरटीआई कार्यकर्ता संघ ने रविवार को जादूगोड़ा में प्रेसवार्ता कर पोटका के बीडीओ पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मामला आरटीआई मांगने पर कार्यकर्ता को परेशान करने, धमकी देने, सूचना देने के नाम पर शुल्क की अवैध मांग करने से जुड़ा है। संघ के अध्यक्ष दिल बहादुर ने बताया कि आरटीआई कार्यकर्ता सुनील मुर्मू ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत पोटका प्रखंड कार्यालय से प्रखंड के कुलडीहा पंचायत में किए गए विकास कार्य से संबंधित सूचना मांगी थी। इसके आलोक में बीडीओ सह जन सूचना पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए लिखा कि सूचना 2250 पन्ने की है, प्रति पन्ने दो रुपये के हिसाब से 4500 रुपये देना होगा। सुनील मुर्मू ने ब्लॉक के सरकारी खजाने में 4500 रुपये जमा करा दिया, लेकिन 2250 पन्ने की जगह 40 पन्ने में जवाब दिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि ये सरासर धोखाधड़ी है।

डॉ. अशोक झा फिर बने केयू के प्रवक्ता

JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अंजिला गुप्ता के निर्देश पर एलबीएसएम कॉलेज-करनडीह के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा को विश्वविद्यालय का प्रवक्ता एवं मीडिया सेल का को-ऑर्डिनेटर नामित किया गया है। डॉ. झा पूर्व में भी कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलानुशासक, विधि अधिकारी, प्रथम अपील अधिकारी व प्रवक्ता के रूप में 2016 से 2021 तक सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. झा साहित्य के क्षेत्र में भी एक चर्चित नाम हैं। इनकी 27 पुस्तकें मैथिली हिंदी एवं संथाली में लिखित अनुदित एवं संपादित प्रकाशित हैं।

आदर्श नगर फेज-7 में जलजमाव से मिलेगी राहत, जेएनएसी ने किया नाली निर्माण का सर्वे

PHOTON NEWS JSR : सोनारी स्थित आदर्श नगर फेज-7 और आसपास के इलाकों में बारिश के बाद उत्पन्न जलजमाव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायतों पर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। रविवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) की टीम ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर नई नाली निर्माण के लिए सर्वे किया। हाल ही में हुई तेज बारिश के कारण आदर्श नगर में जलनिकासी बाधित हो गई थी, जिससे सड़कों और घरों में पानी भरने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की थी। रविवार को जेएनएसी के एसडीओ संजय सिंह, सहायक अभियंता सचिन झा और सिटी मैनेजर जय गुड़िया की टीम ने विधायक सरयू राय के

विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते आदर्शनगर के निवासी ● फोटोन न्यूज

जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, आशुतोष राय, मुकेश कुमार, रवि ठाकुर, हरे राम सिंह और रंजीत प्रसाद के साथ आदर्श नगर फेज-7 का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष और अन्य नागरिकों ने जलनिकासी को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाते हुए बताया कि जलजमाव की समस्या के स्थायी निदान के लिए इलाके में एक नई नाली का निर्माण कराया जाएगा। निरीक्षण दल ने नाली निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन किया और तकनीकी टीम को जल्द से जल्द योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। यह पहल इलाके के लोगों को जलजमाव से राहत दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। लेकिन, लोगों का कहना है कि जेएनएसी और मानगो नगर निगम सिर्फ असरदार लोगों के कहने पर उनके इलाके में ही काम कर रहे हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। शहर के आम लोग भी होल्डिंग टैक्स देते हैं।

कई इलाकों में गुल है बिजली, व्यवस्था सुचारु करने में बिजली विभाग को लगेंगे पांच दिन

जमशेदपुर में एक साथ जले 50 ट्रांसफॉर्मर, शटडाउन रहने से छाया अंधेरा

MUJTABA RIZVI @ JSR : पूर्वी सिंहभूम जिले में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से बिजली विभाग का काफी नुकसान हुआ है। दो दिनों में जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर में विभाग के 50 से अधिक ट्रांसफॉर्मर जल गए हैं। इसके अलावा, कई जगह पोल भी गिर गए हैं। मगर, ट्रांसफार्मरों के खराब होने की संख्या अधिक बताई जा रही है, जबकि पोल गिरने की घटनाएं कम हुई हैं। इन ट्रांसफॉर्मरों को रिपेयर करने का काम चल रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों का कहना है कि इन इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगभग पांच दिन लग सकते हैं। जमशेदपुर में बिजली विभाग के इंजीनियर जले ट्रांसफॉर्मर



ठीक करने में जुटे हुए हैं। एक दिन में तकरीबन सात ट्रांसफॉर्मर ठीक किए जा रहे हैं। विभाग ने अब तक 16 ट्रांसफार्मर ठीक किए हैं। इन सभी ट्रांसफॉर्मरों को मोहल्लों में लगा कर उस इलाके की बिजली बहाल कर दी गई है। मगर, अभी भी कई इलाके हैं जहां की बिजली बहाल नहीं हो पाई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विभाग एक दिन में सात ट्रांसफॉर्मर ठीक कर रहा है। एक ट्रांसफॉर्मर ठीक करने में 10 हजार रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक की लागत आ रही है। तीन हजार रुपये लेबर कास्ट है। ट्रांसफॉर्मर में जिस हिसाब से सामान जला है, उस हिसाब से खर्च है।

मानगो के बालीगुमा फीडर में आठ ट्रांसफॉर्मर जले

मानगो के बालीगुमा पावर सब-स्टेशन के क्षेत्र में आठ ट्रांसफॉर्मर जले हैं। इससे इन इलाकों की बिजली गुल रही। क्षेत्र के जेई ने बताया कि इनमें से चार ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करा दी गई है और इन्हें मोहल्लों में लगा दिया गया है। अभी चार ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े हैं। इनमें से एक ट्रांसफार्मर रविवार को बनाया गया। इस ट्रांसफार्मर को मानगो के अभिलाषा अपाअर्मेंट के पास लगा दिया गया है। जबकि, अभी एमजीएम मेडिकल कॉलेज के ब्वायज हॉस्टल का भी ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा हुआ है। इसे ठीक करने का काम चल रहा है।

देर तक कट रही बिजली

मानगो समेत शहर के विभिन्न इलाकों के रहने वालों का कहना है कि इन दिनों बिजली विभाग अधिक शटडाउन ले रहा है। मानगो के डिमना रोड में सुभाष कालोनी के राकेश ने बताया कि उनके इलाके में हर दो घंटे के बाद बिजली लंबे समय के लिए कट रही है। शनिवार को दोपहर में एक बजे बिजली कटी तो शाम साढ़े पांच बजे इसे चालू किया गया। रात को बिजली कटी तो देर तक नहीं आई। रविवार को दोपहर में तीन बार बिजली काटी गई। इससे लोग सो नहीं पा रहे हैं। लोगों को बिजली कटने से परेशानी हो रही है।

इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब ट्रांसफार्मर उतारा या लगाया जाता है, तो पूरे इलाके में शटडाउन लिया जाता है। इस वजह से जिस फीडर में ट्रांसफार्मर लगा है, उस पूरे इलाके की बिजली बंद करनी पड़ती है। यह बिजली ट्रांसफार्मर लग जाने के बाद ही बहाल हो पाती है। इसी वजह से बार बार लंबा शट डाउन लेना पड़ रहा है।

> क्षेत्र के ट्रांसफार्मर बड़े पैमाने पर जले हैं। हालांकि, पोल कम गिरे हैं। इस वजह से कई इलाकों में बिजली नहीं है। इसे ठीक किया जा रह है। जल्द ही विभाग पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल कर देगा।
>
> – अजीत कुमार, जीएम, झाखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड

भारी बारिश से डूबा बागबेड़ा फिल्टर प्लांट, 1140 घरों की जलापूर्ति बाधित

फिल्टर प्लांट से पानी निकालता मोटर ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर : बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के फिल्टर प्लांट परिसर में भारी बारिश के कारण पानी भर गया। इससे जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। प्लांट के सम्प में भरे पानी को रविवार से मोटर-पंप के जरिए बाहर निकाला जा रहा है। इस वजह से कॉलोनी के करीब 1140 घरों के 20 हजार से अधिक लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा है। स्थानीय निवासी सुबोध झा ने बताया कि पानी भरने की स्थिति का वीडियो 19 जून को बनाया गया था, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि प्लांट परिसर किस तरह जलमग्न हो गया था। जलजमाव के कारण पंपिंगसेट बंद हो गया और पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई। झा ने विभाग और पंचायत प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वर्षों पुराना फिल्टर प्लांट समय पर साफ नहीं किया गया और न ही जलनिकासी की कोई व्यवस्था की गई, जिसकी वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। फिलहाल फिल्टर प्लांट के सम्प से मोटर के जरिए पानी निकाला जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू हो सके।

बिहार ने जो विकास किया है, वह किसी से छिपा नहीं : सम्राट चौधरी

AGENCY PATNA : बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री बीते दिन सिवान में आए और करोड़ों की योजना जनता को समर्पित करने का काम किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल बड़ा ऐलान किया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से 1100 कर अपने आप में बड़ा फैसला किया है। बिहार ने विकास के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह किसी से छुपी नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल एक बड़ा ऐलान करते हुए बिहार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में सुधार किया है। जनता और महिला संवाद के माध्यम से लिए गए फीडबैक के आधार पर वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। यह राशि बढ़ोतरी समाज के कमजोर वर्गों के लिए राहत देने वाली साबित होगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि इसके अलावा, कन्या विवाह भवन की योजना को भी प्रदेश के सभी पंचायतों में लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके लिए हरी झंडी दिखा दी है। इन भवनों को स्वयं सहायता समूह और जीविका महिला दल द्वारा संचालित किया जाएगा, जिससे कन्याओं के विवाह में सामाजिक एवं आर्थिक सहायता मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार ने मां सीता की जन्मस्थली पर श्री सीता मंदिर का निर्माण करेगी, जो राम मंदिर के तर्ज पर होगा। यह धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बिहार के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक कदम होगा, जो तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सम्राट चौधरी ने विपक्षी दलों को भी करारा जवाब देते हुए कहा, अगर विकास की बात करनी है तो उन्हें पटना एयरपोर्ट, मेरिन ड्राइव, पटना से बेगूसराय तक के विभिन्न विकास कार्यों को देखकर आना चाहिए।

- प्रधानमंत्री बीते दिन सिवान में आए और करोड़ों की योजनाओं को जनता को किया समर्पित
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से 1100 रुपये करना अपने आप में बड़ा फैसला

BRIEF NEWS

15 हजार की इनामी महिला स्मैक तस्कर ने किया आत्मसमर्पण

EAST CHAMPARAN : जिला के हरैया थाना कांड संख्या-14/24 की वांछित एवं 15 हजार की ईनामी अभियुक्त पथली खातून उर्फ. अनवरी खातून पिता-नईम मिया,ग्राम बड़ा परेवा, थाना-हरैया ने पुलिस दबिश के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। उल्लेखनीय है,कि पथली खातुन लंबे समय से मादक द्रव्यो की तस्करी में संलिप्त थी। पुलिस इसे लंबे समय से तलाश रही थी। बीते दिनो पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इसके उपर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल

BHAGALPUR : जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत गोपालपुर थाना क्षेत्र के मंदिर चौक के पास रविवार को तेज रफ्तार हाइवा ने एक ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ई-रिक्शा पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान ई-रिक्शा चालक संजीव कुमार भगत और आम व्यवसायी मोहम्मद फिरोज के रूप में हुई है। दोनों कुसेर्ला की ओर आम लोड कर जा रहे थे, तभी मंदिर चौक के समीप पीछे से आ रहे हाइवा ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पेंशन भुगतान में अनियमितता को लेकर धरना

BHAGALPUR : तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय का विवादों से चोली-दामन का नाता रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जवाहरलाल पर पेंशन भुगतान में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सिंडिकेट के सदस्य रविवार को कुलपति आवास परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों में निर्लेश कुमार, मोहम्मद मुश्फिक आलम, के. के. मंडल और मुकेश कुमार जैसे वरिष्ठ सदस्य शामिल थे। इन्होंने कुलपति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना घूस दिए पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं सदस्यों ने बताया कि कुलपति अपने आवास को ही कार्यालय बना लिए हैं। अगर प्रशासनिक भवन में बैठते तो परीक्षा विभाग में जो धांधली हुआ था वह धांधली नहीं होता। सदस्यों का आरोप है कि कुलपति ने अपनी जिम्मेदारी से हटकर दलाली की भूमिका अपना ली है। प्रदर्शन के दौरान सदस्यों ने चेतावनी दिया कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय के तमाम सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हक से जुड़ा गंभीर मामला है।

अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर ही पुनौरा धाम में किया जाएगा मंदिर का निर्माण

मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल सीएम नीतीश कुमार ने शेयर की तस्वीर

AGENCY PATNA : बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में भव्य मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को स्वयं एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुबह सुबह बताया कि मां जानकी मंदिर का डिजाइन फाइनल हो गया है और अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर ही मां जानकी मंदिर का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही अपने सोशल मीडिया पर फाइनल डिजाइन की तस्वीरें भी साझा की हैं। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, 'मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने के लिए भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है। इसके लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है'। मिथिला की पुण्य भूमि सीतामढ़ी में स्थित पुनौराधाम को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में स्थित जानकी जन्मभूमि मंदिर को श्रद्धालु पुनौराधाम के नाम से भी जानते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यहीं त्रेता युग में राजा जनक के खेत जोतने के दौरान माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं।

मिथिला की पावन कथा से जुड़ा इतिहास-पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख शुक्ल नवमी को जब मिथिला के राजा जनक बारिश की कामना में हल चला रहे थे, तभी उनका हल एक मिट्टी के बर्तन या कलश से टकराया। उसे बाहर निकालने पर एक कन्या शिशु प्राप्त हुई। जिसे उन्होंने सीता नाम दिया। इसी कारण यह स्थान हिंदू धर्म में विशेष पवित्रता और आस्था का केंद्र है। कालांतर में इसी पावन स्थल के नाम पर नगर का नाम सीतामड़ई, फिर सीतामही और अंततः सीतामढ़ी पड़ा।

प्रमुख धार्मिक स्थल-सीतामढ़ी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। हलेश्वर स्थान जो भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण स्वयं राजा जनक ने करवाया था। यह स्थान श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों के लिए आस्था और ऐतिहासिकता का संगम है। 120 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण के लिए स्वीकृत-जानकी जन्मभूमि मंदिर को वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने 120 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण और 72 करोड़ रुपये मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत किए हैं। राज्य सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी योजना मंदिर के आसपास पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा विकसित करने पर केंद्रित है।

मंदिर क्षेत्र के विस्तारीकरण और सुविधाओं के विस्तार के लिए 50.5 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित विभागीय टीम ने जमीन का भौतिक निरीक्षण पूरा कर लिया है और जिलाधिकारी कार्यालय ने विस्तृत रिपोर्ट पर्यटन निदेशालय को भेज दी है।

राजद नेता ने मातृ शक्ति के साथ किया सीधा संवाद, तेजस्वी की घोषणाओं की दी जानकारी

AGENCY ARARIA : फारबिसगंज प्रखंड के भागकोहलिया पंचायत में राजद नेता इंजीनियर आयुष अग्रवाल ने रविवार को मातृ शक्ति के साथ सीधा संवाद किया। जिसमें उन्होंने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद की घोषणाओं की जानकारी दी।

जनसंपर्क के तहत मातृ शक्तियों के साथ सीधा संवाद किया गया। इंजीनियर आयुष अग्रवाल ने माई-बहिन-मान योजना के तहत महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में राजद प्रतिबद्ध है। उन्होंने 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह आमजन को सीधी राहत देने वाली योजना है, जिससे मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में वृद्धि की घोषणा को उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की संवेदनशील सोच का परिणाम बताया। इंजीनियर अग्रवाल ने बेटी योजना की भी जानकारी दी, जिसे विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से बेटियों को ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, बल्कि समाज में उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। जनसंवाद के दौरान आयुष अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि नेता प्रतिपक्ष माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव की मेहनत और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि बिहार की एनडीए सरकार दबाव में आकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की घोषणा कर रही है। पिछले 20 वर्षों से नीतीश सरकार सोई रही। न उनके पास जनहित की सोच थी, न ही कोई नीति। लेकिन तेजस्वी जी की साफ नीयत और मजबूत इरादों ने नीतीश सरकार को बैकफुट पर ला दिया है।

शौचालय साफ करने जा रही गाड़ी से टकरा गई मोटरसाइकिल, एक महिला की मौत

AGENCY ARARIA : फारबिसगंज प्रखंड के अड़राहा पंचायत के वार्ड संख्या 01 में रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका 12 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब रानीगंज प्रखंड के जगता पंचायत वार्ड संख्या 02 निवासी मो. जगीर अपनी पत्नी और बेटे के साथ मोटरसाइकिल से घीवहा स्थित अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मो. जगीर जैसे ही अड़राहा गांव के समीप पहुंचे, सामने से एक मलवाहन गाड़ी सड़क पर तेज रफ्तार से गुजर रही थी। यह मलवाहन गाड़ी शौचालय की सफाई के लिए जा रही थी। उसी दौरान जगीर की मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सीधे मलवाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पर बैठी महिला सड़क पर गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान मो. जगीर की पत्नी महरुम के रूप में की गई है। वहीं दुर्घटना में घायल 12 वर्षीय पुत्र को गंभीर अवस्था में सड़क से उठाकर स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव मौके पर पहुंचे और घायल बच्चे को एंबुलेंस की व्यवस्था कर अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए तुरंत अररिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्चे के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है। इधर, मृतका के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

रक्सौल में नेपाल बॉर्डर पर इराकी नागरिक गिरफ्तार

CHAMPARAN : बिहार में पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत रक्सौल में भारत-नेपाल मैत्री पुल के समीप एक इराकी नागरिक को नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश के दौरान पकड़ा गया है। उक्त कारवाई एसएसबी के जवान और हरैया थाना की पुलिस ने बॉर्डर पर रूटीन चेकिंग के दौरान की है। पकड़े गये इराकी नागरिक की पहचान इराक के बगदाद के अल-दोरा निवासी बारा फौजी हामिद अल बयाती के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि उसका भारतीय वीजा काफी पहले ही समाप्त हो चुका है। बाबजूद इसके वह नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि आरोपी के पास यात्रा के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं।

दवा कारोबारी के घर लूट का असफल प्रयास चाकू से प्रहार कर महिला को किया घायल

AGENCY ARARIA : फारबिसगंज थाना क्षेत्र के परवाहा वार्ड संख्या बारह में बीती रात आठ से दस की संख्या में हथियार से लैस बदमाशों ने एक दवा कारोबारी के घर धावा बोलकर लूट का असफल प्रयास किया। बदमाशों ने घर की महिला को अपने कब्जे में लेकर उनके ऊपर चाकू से प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया।जिसका इलाज फाबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया।रविवार को दवा कारोबारी विकास मिश्रा ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर घटना की जानकारी देते हुए अपने और अपने परिवार के सुरक्षा की मांग की। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़ित दवा कारोबारी विकास मिश्रा ने बताया कि बीती शनिवार की देर रात खाना वगैरह खाकर उनकी पत्नी निक्की मिश्रा घर के पिछले

दरवाजा को खोलकर बाथरूम की ओर हाथ पैर धोने के लिए जा रही थी कि इसी क्रम में आठ से दस की संख्या में बदमाशों ने हथियार के साथ उनपर धावा बोल दिया। बदमाशों के बंदूक और चाकू से लैस होने की बात कही जा रही है। बदमाशों ने निक्की मिश्रा पर हमला बोलते हुए घर के अंदर प्रवेश किया।बदमाशों के चंगुल में निक्की मिश्रा के चिल्लाने की आवाज सुनकर विवेक पिछले दरवाजे की ओर दौड़ा तो बदमाशों को घर के अंदर प्रवेश करते देखा। बदमाशों ने उसके ऊपर बंदूक तान दिया,लेकिन उन्होंने चिल्लाते हुए मुख्य दरवाजे की ओर भागने लगे। जिसके बाद अड़ोस पड़ोस के लोग जमा हो गए। अड़ोस पड़ोस के लोगों को देखकर बदमाश फायरिंग करते हुए पिछले दरवाजे से भाग निकला और इस दौरान पत्नी निक्की मिश्रा पर चाकू से प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। हालांकि बदमाश कुछ भी लूटपाट करने में असफल रहे। विवेक मिश्रा ने बताया कि तान्या इंटरप्राइजेज के नाम से वह दवा का होलसेल का काम करता है और बदमाश लूटपाट के ख्याल से ही उनके घर पर धावा बोला था।

पटना के गांधी मैदान में 29 जून को होगी 'वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ' कॉन्फ्रेंस, सफलता को लेकर बैठक

सरकार की नजर में सुप्रीम कोर्ट की हैसियत कम : मौलाना नदवी

AGENCY ARARIA : वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और संविधान की रक्षा को लेकर आगामी 29 जून को पटना के गांधी मैदान में वक्फ बचाओ, दस्तूर बचाओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन की किया जाएगा। पटना में होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को फारबिसगंज के मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन में एक बैठक हुई। बैठक की शुरूआत कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई और इसमें क्षेत्र के कई उलेमा, समाजसेवी और जागरूक नागरिक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता इमारत-ए-शरीया बिहार, झारखंड व उड़ीसा के नायब नाज़िम मौलाना सोहराब नदवी ने की। मौलाना सोहराब नदवी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की नजर में अब सुप्रीम कोर्ट की हैसियत कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर तत्काल रोक लगा रखी है, फिर भी सरकार ने मुसलमानों को आदेश दिया है कि वक्फ की जमीनों का रजिस्ट्रेशन छह महीने के भीतर कराएं, जो सीधा-सीधा संवैधानिक व्यवस्था और न्यायपालिका की अवहेलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वक्फ संपत्तियों को निशाना बनाकर मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है। ऐसे समय में समाज का जागरूक और एकजुट होना बेहद जरूरी है। बैठक में बताया गया कि 29 जून को पटना में होने वाली वक्फ बचाओ दस्तूर बचाओ कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता अमीर-ए-शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी साहब करेंगे। इस कार्यक्रम में देश भर के जाने-माने इस्लामी विद्वान और उलेमा शामिल होंगे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि सीमांचल क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह कॉन्फ्रेंस सरकार को एक मजबूत जनसंख्या का संदेश दे सके कि मुस्लिम समाज अपने वक्फ और संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह एकजुट है।

बैठक में शामिल मौलाना सोहराब नदवी व अन्य

इनकी रही मौजूदगी

मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती रशीद साहब, मौलाना जब्बार साहब, काजी असद कासमी, मौलाना फारूक साहब, जामे मस्जिद के इमाम मौलाना नेमतुल्लाह रहमानी, मटियारी के इमाम मौलाना अबुनसर कासमी, हाफिजी नौशाद, इरफान शेखरा, मौलाना आस मोहम्मद मजाहिरी, मौलाना वासिल, हाफिज जमशेद, मौलाना दिलशाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

सुगौली में शॉपिंग सेंटर के मालिक पर गोलीबारी

CHAMPARAN : जिला के सुगौली थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात ताज चौक पर स्थित ताज शॉपिंग सेंटर के मालिक फैसल यूसुफ पर बाइक सवार अज्ञात अपराधियो ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस हमले में फैसल बाल-बाल बचे थे। प्रत्यक्षदर्शी दुकानदारों के अनुसार घटना उस समय घटित हुई जब दुकान मालिक फैसल यूसुफ अपनी दुकान बंद कर रहे थे।इसी दौरान उजले रंग की अपाची बाइक पर सवार दो हेलमेटधारी बदमाशों ने चलती बाइक से फैसल पर गोली चलाई और छपवा की ओर फरार हो गये।लोगो ने बताया कि बाइक सवार अपराधी रक्सौल की ओर से आये थे। फायरिंग की इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा है।

नेपाल से लाई जा रही शराब की बड़ी खेप बरामद, चारपहिया वाहन जब्त

EAST CHAMPARAN : रक्सौल में आबकारी विभाग ने बड़ी कारवाई करते हुए नेपाल से बोलेरो पर लाद कर लाई जा रही शराब की बड़ी खेप बरामद किया है। इसकी पुष्टि करते हुए रक्सौल के आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रक्सौल के सिसवा बॉर्डर के रास्ते शराब की खेप भारत में प्रवेश करने वाली है। सूचना मिलते ही विभाग ने तत्काल एक विशेष टीम गठित कर सिसवा सीमा क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी। इसी दौरान एक बलेरो वाहन नंबर इफ 24ढ 5647 को संदिग्ध अवस्था में सीमा पार करते हुए देखा गया। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो उक्त वाहन रामगढ़वा की ओर भागने लगा। जिसका पीछा किया गया और कुछ दूरी पर जाकर

वाहन को पकड़ लिया। हालांकि, पुलिस को पीछा करते देख तस्कर वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गये। जांच के दौरान वाहन से कुल 75 कार्टून में भरी 675 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। पूरा वाहन शराब से लदा हुआ था, जिसे तस्करी के इरादे से भारत में लाया जा रहा था। इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि जब्त शराब और वाहन को विभागीय प्रक्रिया के तहत कब्जे में ले लिया गया है। साथ ही फरार तस्कर की पहचान और वाहन मालिक की तलाश की जा रही है।

भविष्य के भारत की सोच

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर कदम बढ़ा रहा है। ऐसे में संघ को लेकर गहरी रुचि और जिज्ञासा सामान्य लोगों से लेकर बौद्धिक जगत में दिखाई दे रही है। संघ के संबंध में अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिन्हें विद्वानों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखा है। इस श्रृंखला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' ने प्रकाशन जगत और बुद्धिजीवी वर्ग का ध्यान खींचा है। यह पुस्तक अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जब संघ की सृष्टि में रचा-बसा लेखक कुछ लिखता है, तब उसे पढ़कर संघ को ज्यादा बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। यह ऐसी पुस्तक है, जो लेखक की प्रत्यक्ष अनुभूति के साथ विकसित हुई है। संघ की यात्रा और विभिन्न मुद्दों पर संघ का दृष्टिकोण बताते हुए सुनील आंबेकर अपनी संघ यात्रा को भी रेखांकित करते हैं। यह प्रयोग संघ को व्यावहारिक ढंग से समझने में हमारी सहायता करता है। मनोगत में स्वयं लेखक सुनील जी लिखते हैं कि यह पुस्तक उनके लिए है, जो व्यवहार रूप में संघ को समझना चाहते हैं, उसके माध्यम से जिसने संघ को जिया है। सुनील आंबेकर का लंबा समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को गढ़ने में भी बीता है। सुनील बाल्यकाल से स्वयंसेवक हैं। संघ के साथ उनके संबंध नैसर्गिक रूप से विकसित हुए हैं। नागपुर में उनका घर संघ मुख्यालय के पड़ोस में ही है। उनके घर का द्वार संघ कार्यालय के प्रांगण में ही खुलता था। यह पुस्तक पाठकों को न केवल संघ की बुनियादी जानकारी देती है अपितु भविष्य के भारत को लेकर संघ की क्या सोच है, उस पर भी यह पुस्तक बात करती है। पुस्तक के प्रारंभिक अध्यायों में संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि पर चर्चा है। संघ की स्थापना के उद्देश्य, उसकी आवश्यकता और उसकी कार्यप्रणाली को ठीक प्रकार से समझना है, तब हमें संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जीवन चरित्र अवश्य पढ़ना और जानना चाहिए। इस पुस्तक में यह उल्लेख एक से अधिक स्थानों पर आया है। डॉक्टर साहब क्रांतिकारी संगठनों में रहे, कांग्रेस में भी सक्रिय रहे। वे नागपुर में कांग्रेस के प्रमुख नेता थे। डॉक्टर साहब के पास सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र का समृद्ध अनुभव था, उसी में से उनके हृदय में संघ बीज का प्रस्फुटन हुआ। सुनील जी लिखते हैं, डॉक्टर साहब का मानना था कि भारत की गुलामी का कारण केवल विदेशी ताकतें नहीं हैं, जिन्होंने आक्रमण किए, अपितु आंतरिक कलह और मतभेद भी इसके कारण रहे हैं। एक ऐसे स्थान की आवश्यकता थी, जहां सब बड़े-छोटे या अन्य लोग किसी भी प्रकार के भेदभाव को भूलकर संवाद कर सकें। इसी विचार ने आगे चलकर शाखा की संकल्पना को जन्म दिया। समर्थ गुरु रामदास और छत्रपति शिवाजी महाराज के चरित्र से समाज को संगठित करने का पाठ सीखकर डॉक्टर हेडगेवार ने एक ऐसे संगठन का निर्माण किया, जो व्यक्ति केंद्रित नहीं अपितु तत्व उसके मूल में है। संघ की मूल अवधारणाएं बताते हुए लेखक सुनील लिखते हैं, जिन मूल केंद्रीय अवधारणाओं से संघ के विचार का जन्म हुआ, ये हैं- राष्ट्रीयता, एकात्मता और सामूहिकता। वे आगे लिखते हैं, संघ के साथ जितना मेरा अनुभव रहा है, मुझे लगता है कि यह सामंजस्य, विश्वास एवं पारस्परिक आदर का भाव स्थापित करनेवाली और एकत्व स्थापित करनेवाली एक शक्ति है। पुस्तक में अन्य स्थानों पर भी संघ की मूल अवधारणाओं की व्याख्या की गई है, उन्हें अलग-अलग ढंग से समझाने का प्रयास किया गया है। संघ के बारे में एक बात सबको समझनी चाहिए कि यह कोई जड़ संगठन नहीं है। समाज के साथ बहनेवाला जीवंत संगठन है, जो देश-काल-परिस्थिति के अनुसार समाज हित में अपने दृष्टिकोण को विस्तार देता है। लेकिन, संघ की मूल अवधारणाएं स्थायी हैं, उनमें परिवर्तन स्वीकार्य नहीं है। जैसे- राष्ट्रीयता को लेकर संघ का स्पष्ट मत है कि यह देश हिंदूराष्ट्र है, संघ इसी अवधारणा के साथ जन्मा और उसी को लेकर आज तक चल रहा है। इस संबंध में पूर्व सरसंघचालक बालासाहब देवरस को उल्लेखित करते हुए वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी कहते हैं, जब हमसे पूछा जाता है कि यह कैसे हुआ, वह कैसे हुआ। हमने पहले वैसा कहा था, अब ऐसा क्यों कह रहे हैं। इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बालासाहब ने कहा था कि देखो भाई, हिंदुस्थान हिंदूराष्ट्र है, इस एक बात को छोड़कर बाकी सब बदल सकता है, क्योंकि हिंदुस्थान हिंदूराष्ट्र है। यह किसी के दिमाग की उपजी हुई बात नहीं है। आंबेकर पुस्तक में एक स्थान पर लिखते हैं कि संघ का विचार स्पष्ट और सरल है। बेशक कई विद्वानों ने संघ पर कई गहन एवं जटिल ग्रंथ लिखे हैं, किंतु केंद्रीय अथवा मूल विचार एक ही है- अच्छे बनो और उस अच्छाई को दूसरों की भलाई के कार्य करते हुए समाज में प्रकट करो। संघ की शाखा क्या है, संघ किस प्रकार काम करता है, संगठन की रचना किस प्रकार की है। ये ऐसे प्रश्न हैं, जो उन सबके मन में रहते हैं, जो संघ को समझना चाहते हैं। इस सबका उत्तर पुस्तक में मिलता है। वहीं, आज कल बहुत से नेता एवं तथाकथित बुद्धिजीवी भ्रम का वातावरण बनाने के लिए और संघ के प्रति लोगों के मन में संदेह पैदा करने के कपटपूर्ण उद्देश्य से एक प्रश्न उछालते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ का क्या योगदान रहा है। इसका भी तथ्यापूर्ण उत्तर इस पुस्तक में मिलता है। बहुत कम लोग हैं, जो यह जानते हैं कि संघ का स्वयंसेवक बनने के बाद स्वयंसेवक एक प्रतिज्ञा करते हैं और उसे बार-बार स्मरण करते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व उस प्रतिज्ञा में एक पंक्ति आती थी- मैं हिंदूराष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए संघ का स्वयंसेवक बना हूं। अब चूंकि स्वतंत्रता मिल गई तो हिंदूराष्ट्र की स्वाधीनता का स्थान हिंदूराष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति ने ले लिया। यह एक पंक्ति-एक तथ्य ही, एक अदने से प्रश्न का विराट उत्तर है। इसके बाद भी अन्य तथ्य हमारे सामने पुस्तक में आते हैं, जो बताते हैं कि संघ के स्वयंसेवक न केवल आंदोलन में शामिल रहे, अपितु उन्होंने बलिदान भी दिया। जेल की सजा भी काटी। जब पहली बार कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित किया, तब संघ ने अपनी सभी शाखाओं पर 26 जनवरी 1930 को स्वतंत्रता दिवस मनाने और प्रभात फेरी निकालने का निर्णय लिया। कुछ मूढ़मति हिंदू धर्म और हिंदुत्व की मनमानी व्याख्याएं करते हैं।

विमान हादसा : यह सरकार व सिस्टम को दोष देने का समय नहीं

ANALYSIS

✍ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

एयर इंडिया का निजीकरण करने की आलोचना कर रहे हैं और सरकार को इस दुर्घटना का कारण मानकर उसे कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। किंतु, क्या यह व्यवहार ठीक है, जब देश के प्रत्येक नागरिक को इस दुखद प्रसंग में एक साथ खड़े होना चाहिए, जब उन्हें मृतकों के लिए शांति की प्रार्थना करनी चाहिए, तब क्या इस प्रकार के लोगों का नकारात्मक व्यवहार उचित कहा जा सकता है। कई पोस्ट पढ़ते वक्त लगा कि ये क्या लिखा जा रहा है एयर इंडिया का मालिकाना हक टाटा ग्रुप के पास है। अक्टूबर 2021 में सरकार ने एयर इंडिया का निजीकरण करते हुए इसे टाटा ग्रुप को सौंप दिया था। निजीकरण के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है, लेकिन सुविधाएं घटिया होती जा रही हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का जब से प्राइवेटाइजेशन हुआ है, तब से स्थिति खस्ताहाल होती जा रही है रोडवेज बसें, ट्रेनें और अब फ्लाइट। इसी तरह से किसी भी स्तर पर जाकर जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार को कोसने का अवसर चाहिए, उन्होंने भी इस हादसे में अपने लिए अवसर ढूंढ़ लिया। अब जो यह लिख रहे हैं, उन्हें पूरी हकीकत भी पहले जान लेना चाहिए, क्योंकि समझनेवाली बात यह है कि अडानी कंपनी का काम एयरपोर्ट की देखभाल है, हवाई जहाज उड़ाने और लैंड कराने का काम एयरपोर्ट अथॉरिटी का है।

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से इस पर संवेदनाएं व्यक्त करनेवालों के साथ ही एक ऐसा वर्ग भी सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहा है, जो लगातार इस घटना के बहाने अपनी सरकार और पूरे सिस्टम को दोषी करार देता रहा। जिन्हें देश के बड़े उद्योगपतियों से आपत्ति है, उनका विरोध यहां तक पहुंच गया है कि वह उन्हें भी इस हादसे का दोषी करार दे रहे हैं। एयर इंडिया का निजीकरण करने की आलोचना कर रहे हैं और सरकार को इस दुर्घटना का कारण मानकर उसे कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। किंतु, क्या यह व्यवहार ठीक है, जब देश के प्रत्येक नागरिक को इस दुखद प्रसंग में एक साथ खड़े होना चाहिए, जब उन्हें मृतकों के लिए शांति की प्रार्थना करनी चाहिए, तब क्या इस प्रकार के लोगों का नकारात्मक व्यवहार उचित कहा जा सकता है। कई पोस्ट पढ़ते वक्त लगा कि ये क्या लिखा जा रहा है एयर इंडिया का मालिकाना हक टाटा ग्रुप के पास है। अक्टूबर 2021 में सरकार ने एयर इंडिया का निजीकरण करते हुए इसे टाटा ग्रुप को सौंप दिया था। निजीकरण के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है, लेकिन सुविधाएं घटिया होती जा रही हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का जब से प्राइवेटाइजेशन हुआ है, तब से स्थिति खस्ताहाल होती जा रही है रोडवेज बसें, ट्रेनें और अब फ्लाइट। इसी तरह से किसी भी स्तर पर जाकर जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार को कोसने का अवसर चाहिए, उन्होंने भी इस हादसे में अपने लिए अवसर ढूंढ़ लिया। अब जो यह लिख रहे हैं, उन्हें पूरी हकीकत भी पहले जान लेना चाहिए, क्योंकि समझनेवाली बात यह है कि अडानी कंपनी का काम एयरपोर्ट की देखभाल है, हवाई जहाज उड़ाने और लैंड कराने का काम एयरपोर्ट अथॉरिटी का है। फिर भी उद्योगपति गौतम अडानी की जो प्रतिक्रिया सामने आई है, वह एक बार सभी को अवश्य देखना चाहिए। अडानी ने कहा, हम एयर इंडिया की फ्लाइट 171 की त्रासदी से स्तब्ध और बहुत दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अकल्पनीय क्षति झेली है। हम सभी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और जमीन पर मौजूद परिवारों को पूरा समर्थन दे रहे हैं। इस वक्त अडानी समूह एयर इंडिया के विमान के

दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से चल रहे बचाव और राहत कार्यों में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय में काम कर रहा है। एयरपोर्ट के ऑपरेटर के तौर पर अडानी ग्रुप की ग्राउंड टीमें घटनास्थल पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में से थीं, जो एयरपोर्ट संचालन और राष्ट्रीय आपदा टीमों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए काम कर रही थीं। यहां इससे अधिक हम क्या अपेक्षा कर सकते हैं अडानी ग्रुप से, जबकि वह तो अपना काम अच्छे से कर ही रहा है। हालांकि यह गहन जांच का विषय है कि उक्त हादसा हुआ क्यों, पर हमें इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि यह पहला मौका नहीं है, जब बोइंग का कोई विमान क्रैश हुआ है। हादसों के मामले में बोइंग विमानों का इतिहास दागदार है। इससे पहले 2024 में दक्षिण कोरिया में बोइंग का विमान क्रैश हुआ था, जिसमें लगभग 180 लोगों की जान चली गई थी। इसमें बोइंग का 737-800 एयरक्राफ्ट शामिल था, जो 737 मैक्स का नया वर्जन था। 2018 और 2019 में भी बोइंग 737 मैक्स का विमान क्रैश हुआ था, जिनमें लायन एयर फ्लाइट 610 और इथियोपियन एयरलाइंस फ्लाइट 302 शामिल थीं। इन दुर्घटनाओं में 346 यात्री और क्रू मेंबर्स की जान चली गई। इस संबंध में अभी तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, बोइंग विमान दुनिया भर में लगभग 6000 दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं। इसमें 415 घातक थीं और 9000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। दुनिया भर में हजारों यात्री विमानों में कम से कम 4000 से ज्यादा विमान बोइंग 737-800 हैं। न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में बोइंग विमानों का इस्तेमाल प्रमुखता से किया जाता है। वहीं, पिछले कुछ वर्षों में पायलटों ने इंजन में बर्फ जमने, ईंधन रिसाव, जनरेटर की विफलता और विद्युत प्रणाली में खराबी जैसी समस्याओं की भी शिकायत की है। इन्हीं कमियों के चलते 2024 में कंपनी के एक इंजीनियर, व्हिसलब्लोअर सैम सालेहपुर ने ड्रीमलाइनर के मुख्य भाग में संरचनात्मक समस्याओं के बारे में अमेरिकी सीनेट को बताया था। इसके बाद बोइंग फिर से जांच के दायरे में आ गया। उन्होंने दावा किया था कि छोटी-छोटी खामियां और सही असेंबलिंग न होना विमान के जल्द खराब होने और संरचनात्मक विफलता का कारण बन सकते हैं। एफएए ने एक जांच शुरू की, जो अभी भी जारी है। स्वभाविक है, जब तक जांच का कोई परिणाम नहीं आ जाता, ये विमान आसमान में पूरी दुनिया में उड़ते रहेंगे। वस्तुतः यहां हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि इस विमान को आधुनिक ओर सक्षम विमान माना जाता है, लेकिन इन विमानों का इतिहास सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा रहा है। यह विमान ही क्यों पूरा हवाई सेक्टर ही हमेशा से चिंताओं से भरा रहा है। लाख सावधानी और सुरक्षा के बाद भी घटना कहीं भी कभी भी घट सकती हैं। यह कोई दावा किसी भी स्तर पर नहीं कर सकता कि दुर्घटना का पता पहले से लगाया जा सकता है। इस केस में पहले प्लेन के पायलट सुमित सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर ने 'मेडे' कॉल किया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल को हादसे के पहले यह बताने की कोशिश की थी कि विमान में कुछ गड़बड़ी है 'मेडे' कॉल का मतलब पायलट के पास मदद मांगने का समय था, लेकिन प्लेन कंट्रोल करने का नहीं। इसका मतलब यह भी है कि इस विमान में अचानक से आई कोई बड़ी खराबी रही, जो इसके हादसे का कारण बना है। वास्तव में यह वक्त अपनी सरकार पर दोषारोपण करने का नहीं, बल्कि जो मृत हुए हैं, उनके प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त करने का है। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है। पति-पत्नी के साथ उनके दो जुड़वां बच्चे और एक बेटे की जो अंतिम फोटो सामने आई है, वह सभी को भावुक करती है। प्रतीक जोशी जो लंदन में पेशे से डॉक्टर थे, उनकी पत्नी कोमी व्यास, जुड़वां बेटियां मिराया जोशी और प्रद्युत जोशी, बेटा नकुल जोशी के साथ यात्रा कर रहे थे। प्लेन के टेकऑफ होने से पहले उन्होंने सेल्फी भी ली थी, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मरनेवालों में कई लोग तो अपनी बहुत जिंदगी जी चुके थे, लेकिन ये तीनों बच्चे तो अभी बहुत छोटे ही थे, जिन्हें जीवन में बहुत कुछ देखना था, पर अनहोनी के बारे में क्या भविष्यवाणी की जा सकती है। इस प्लेन क्रैश में नई नवेली दुल्हन खुशबू की पहली उड़ान ही उसके लिए आखिरी साबित हुई, जो अपने पति के पास लंदन जा रही थी। एक भारत की बेटी राजस्थान के उदयपुर की रहने वाली पायल खटीक जो अपने सपनों को उड़ान देने के लिए लंदन जा रही थी, उसके परिवार के लिए उसकी ये यात्रा अंतिम साबित हुई है। वस्तुतः इस तरह की अनेक कहानियां हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया, हर कहानी बहुत भावुक करती है और जिंदगी का सबक भी देती हैं कि जीवन में अंतिम क्षण कब, कहां आ जाए कोई भरोसा नहीं। ये सभी यात्री थे, लेकिन जो कहीं यात्रा नहीं कर रहे थे, ऐसे विमान हादसे में कम से कम पांच एमबीबीएस के छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की भी मौत हुई है। इस हादसे में 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल हुए हैं। अब तक जान गंवाने वालों का आंकड़ा 265 पर जा पहुंचा है। रेस्क्यू टीमों ने विमान के ब्लैकबॉक्स, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिया है, अब रिपोर्ट आनी बाकी है, जिसके बाद यह खुलासा हो सकेगा कि हादसे से पहले अंतिम पलों में में हुआ क्या था।

चीन की नीतियों से संकट में तिब्बती संस्कृति

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की तिब्बत में लागू की जा रही सांस्कृतिक और राजनीतिक नीतियों को लेकर एक नई अमेरिकी रिपोर्ट में गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शासनकाल में तिब्बती बच्चों को जबरन चीन की संस्कृति और भाषा में ढालने की कोशिश हो रही है, जिससे उनकी पारंपरिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंच रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन सरकार ने तिब्बती बच्चों को कम उम्र में ही उनके परिवारों और समुदायों से अलग करके आवासीय बोर्डिंग स्कूलों में भेजना शुरू कर दिया है, जहां उन्हें सिर्फ मंदारिन भाषा सिखाई जा रही है और तिब्बती भाषा, संस्कृति और बौद्ध परंपराओं से दूर रखा जा रहा है। लगभग दस लाख तिब्बती बच्चे अब इन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जहां उनका संपर्क पारंपरिक तिब्बती शिक्षा और धार्मिक वातावरण से कट जाता है। रिपोर्ट कहती है कि यह सिर्फ भाषा की शिक्षा नहीं है, बल्कि यह तिब्बती पहचान को मिटाने की एक संगठित कोशिश है। रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक मामलों पर निगरानी रखने वाले अधिकारियों द्वारा बौद्ध भिक्षुओं और ननों पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है। उन्हें सरकार की अनुमति के बिना धार्मिक शिक्षा देने की मनाही है। यहां तक कि बच्चों को मठों में प्रवेश करने या धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से भी रोका जा रहा है। कई मठों पर निगरानी कैमरे लगाए गए हैं और भिक्षुओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बजाय चीन के प्रति देशभक्ति दिखाने के लिए मजबूर किया जाता है। शी जिनपिंग द्वारा बार-बार राष्ट्रीय एकता और चीनी राष्ट्र की एकता की बात की जाती है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि इसके नाम पर सांस्कृतिक विविधता को खत्म किया जा रहा है। तिब्बत, शिनजियांग और इनर मंगोलिया जैसे क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं और परंपराओं को दबाकर चीनी पहचान को थोपने का प्रयास किया जा रहा है। तिब्बती के साथ-साथ उइगर मुसलमानों और मंगोलियन सभ्यता और संस्कृति के लोगों को भी इसी तरह से थोपी गई नीतियों से दबाया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2014 से अब तक शी जिनपिंग ने बार-बार यह दोहराया है कि सभी जातीय समूहों को एक साझा राष्ट्रीय पहचान के तहत आना चाहिए। इस विचारधारा के तहत स्थानीय पहचान और विविधता को कम किया जा रहा है। भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती सरकार (सेंट्रल तिब्बती एडमिनिस्ट्रेशन) ने इस अमेरिकी रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा है कि तिब्बती बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाकर और उनकी मातृभाषा को हटाकर चीन उनकी सांस्कृतिक जड़ों को नष्ट करना चाहता है। भारत के धर्मशाला स्थित प्रशासन ने यह भी कहा कि तिब्बती बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है, वह न केवल उनकी भाषाई पहचान मिटा रही है, बल्कि उनके धार्मिक और नैतिक मूल्यों को भी तोड़ रही है। यूएन ह्यूमन राइट्स कमीशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने चीन के इस रवैये की पहले भी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत में धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और सरकार द्वारा नियंत्रित शिक्षा प्रणाली में बच्चों को देशभक्त नागरिक के रूप में ढाला जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और उसके बाहर रहने वाले तिब्बती बच्चों के लिए हजारों आवासीय स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों का मकसद बताया जाता है कि यह आधुनिक शिक्षा और जीवन कौशल प्रदान करते हैं, लेकिन आलोचक कहते हैं कि ये स्कूल एक तरह से री-एजुकेशन कैंप हैं, जहां बच्चों को चीनी संस्कृति में ढालने का प्रयास होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूलों में न केवल मंदारिन को मुख्य भाषा बनाया गया है, बल्कि पाठ्यक्रम भी इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि उसमें तिब्बती इतिहास, धर्म या संस्कृति के लिए कोई स्थान नहीं है। तिब्बत में धार्मिक गतिविधियों, साहित्य, सोशल मीडिया और यहां तक कि पारिवारिक समारोहों तक पर सरकार की सख्त निगरानी है। किसी भी असहमति को अलगाववाद या राष्ट्रविरोधी गतिविधि मानकर दंडित किया जा सकता है। कई मामलों में भिक्षुओं और धार्मिक नेताओं को हिरासत में लिया गया है या उन्हें जबरन देशभक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया है। यह प्रशिक्षण उन्हें उनकी संस्कृति से काटने का एक जरिया है। अमेरिकी रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत में शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वे बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का पाठ पढ़ाएं। शिक्षकों पर दबाव डाला जाता है कि वे बच्चों की वैचारिक सोच को चीन के अनुसार ढालें। इस प्रक्रिया में बच्चों को न केवल उनके धार्मिक विश्वासों से अलग किया जाता है, बल्कि पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी दूर किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रक्रिया जारी रही तो अगली पीढ़ी के तिब्बती युवा अपनी भाषा, धर्म और संस्कृति से पूरी तरह कट जाएंगे। इससे न केवल उनकी पहचान पर संकट मंडराएगा, बल्कि तिब्बती समुदाय की सामाजिक संरचना और आत्मसम्मान पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। एक तिब्बती मानवाधिकार कार्यकर्ता के शब्दों में, हमारी संस्कृति को मिटाने की यह प्रक्रिया गुप्त नहीं, बल्कि खुलेआम हो रही है- स्कूलों, मठों और हर सार्वजनिक स्थान पर। हालांकि अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश तिब्बती मुद्दों पर चीन से सवाल करते रहे हैं।

Social Media Corner

सच के हक में...

योग एक बार फिर लोगों को साथ लाता है! आंध्र प्रदेश के लोगों को बधाई, जिस तरह से उन्होंने योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आंदोलन को मजबूत किया है। योगंधरा पहल और विशाखापत्तनम में कार्यक्रम, जिसमें मैंने भी भाग लिया, हमेशा कई लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रेरित करेगा।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

जनसंघ के संस्थापक सदस्य और कुशल संगठन शिल्पी श्रद्धेय सुंदर सिंह भंडारी जी की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। सादगीप्रिय, अनुशासित और विचारधारा के लिए समर्पित सुंदर सिंह भंडारी जी आजीवन संघ, संगठन और समाजसेवा के प्रति कटिबद्ध रहे। राजनीति में शुचिता, समर्पण व वैचारिक दृढ़ता के लिए प्रसिद्ध भंडारी जी ने युवाओं को एकजुट कर आपातकाल का मुखरता से विरोध किया।

(अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

हेमंत सरकार की घोर लापरवाही का खामियाजा गोड्डा की एक मासूम बेटी को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा। छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची के परिजन घंटों तक एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे, लेकिन सरकारी एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार अब सीधे जनता की जान पर भारी पड़ रही है।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

आर्थिक रूप से और सक्षम बनने का समय

